राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
National Institute of Design
मध्यप्रदेश Madhya Pradesh

प्रथम वार्षिक रिपोर्ट

"एक
व्यक्ति
परिवर्तन
ला सकता है।
एक टीम
चमत्कार
कर सकती है।"

डग पेडरसन

2019 - 20

प्रथम वार्षिक रिपोर्ट

LIBRARY
ACADEMIC BLOCK
AMPHITHEATRE
WORKSHOP
AUDITORIUM
ADMIN BLOCK

23.365278° N, 77.372049° E

विषय वस्तु

1

1. परिचय

1.1 हमारे बारे में 15
1.2 वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा डीपीआईआईटी 16
1.3 राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान अधिदेश 18
1.4 राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान अधिनियम 19
1.5 राष्ट्रीय महत्व का संस्थान(आईएनआई) 21
1.6 एनआईडीएमपी ब्रैंडिंग 22
1.7 भारत में डिजाइन की उत्पत्ति और आरंभ 24
1.8 एनआईडीएमपी का इतिहास 25

2

2. वैधानिक निकाय

2.1 संचालन परिषद और सदस्य 32
2.2 संचालन परिषद की स्थायी समिति 35
2.3 सीनेट 36
2.4 फैकल्टी फोरम 37

3

3. विभाग और शैक्षणिक संकाय

3.1 फैकल्टी स्ट्रीम औद्योगिक डिज़ाइन संकाय (एफआईडी) 41
संचार डिजाइन संकाय (एफसीडी)
वस्त्र और परिधान डिजाइन संकाय (एफटीएडी)
सूचना प्रौद्योगिकी एकीकृत डिजाइन संकाय (एफआईटीआईडी)
डिजाइन आधारित अंतरविषयक अध्ययन (एफडीबीटीएस)

3.2 संस्थान का प्रबंधन 42
3.3 गतिविधि प्रमुख 44
गतिविधि प्रमुख के कार्य - शिक्षण प्रशिक्षण
गतिविधि प्रमुख के कार्य - कार्यनीतिक योजना
गतिविधि प्रमुख के कार्य - अनुसंधान विकास और ज्ञान प्रबंधन केंद्र
गतिविधि प्रमुख के कार्य - वैश्विक संपर्क प्रकोष्ठ
गतिविधि प्रमुखो के कार्य - आरोग्य केंद्र

4

4.शैक्षणिक कार्यक्रम

4.1 फाउंडेशन अध्ययन (अंडर ग्रैजुएट कार्यक्रम)- एक वर्ष 47
4.2 स्नातक डिजाइन बी.डिज. (औद्योगिक डिजाइन) 54
4.3 स्नातक डिजाइन बी.डिज. (संचार डिजाइन) 57
4.4 स्नातक डिजाइन बी.डिज. (वस्त्र और परिधान डिजाइन) 59
4.5 डिजाइन शिक्षा की रूपरेखा 62
4.6 गुणवत्ता प्रबंधन 63

5

5.उपलब्धियां और गतिविधियां

5.1 संबद्धता और सदस्यता 66
5.2 पुरस्कार और मान्यता 68
5.3 विशिष्ट आगंतुक 68
5.4 आयोजन 70
डिजाइन अभिविन्यास सप्ताह
सतर्कता जागरुकता सप्ताह
सीपीपी पोर्टल एनआईसी प्रशिक्षण
5.5 फैकल्टी और स्टाफ के लिये मानव संसाधन विकास गतिविधियां 74

6

6.शिक्षण और अध्ययन संसाधन

6.1	स्वीकृत पदों की सूची	77
6.2	31मार्च 2020 को स्वीकृत पदों की सूची	79
6.3	फैकल्टी और स्टाफ रूपरेखा	80
6.4	परिसर	84
6.5	बुनियादी ढांचा	84
6.6	प्रशासनिक खंड	85
6.7	अकादमिक खंड	88
6.8	कार्यशाला खंड	89
6.9	आईटी केंद्र	90
6.10	ज्ञान प्रबंधन केंद्र	91
6.11	प्रेक्षागृह	94
6.12	रंग भवन (निर्माणाधीन)	95
6.13	छात्रावास (लड़कियां और लड़के)	96
6.14	भोजनालय और कैफेटेरिया	97
6.15	डिजाइन शॉप	98
6.16	खेलकूद सुविधायें (इनडोर/आउटडोर)	99
6.17	मल्टी फेसिलिटी रीजुवेनेशन सेंटर (एमएफआरसी)	100
6.18	आवासीय खंड	102
6.19	अतिथि गृह	103
6.20	चिकित्सा कक्ष	104
6.21	सुरक्षा	104
6.22	हरीतिमा और खुला स्थल	105

7

7. कैम्पस लाईफ

7.1	मध्यप्रदेश डिजाइन उत्सव (एमपीडीयू) मोज़ैक	107
7.2	परिसंवाद (विचार गोष्ठी)	
7.3	ग्रीन ड्राईव	117
7.4	एनईकेसी 3 (आयोजित)	120
7.5	समारोह	122
7.6	प्रथम स्थापना दिवस	123
7.7	स्वच्छता ही सेवा	128
7.8	राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्य प्रदेश का जीवन, अपने निवासियों के लिये	130
7.9	विद्यार्थी गतिविधियां	131
		134

8

8. वित्तीय संसाधन

8.1	पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	138
8.2	वार्षिक लेखा	142

9

9. परिशिष्ट

9.1	परिशिष्ट 1	168
9.2	परिशिष्ट 2	173

प्रस्तावना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊर्जावान नेतृत्व में हम आत्मनिर्भर भारत के सामूहिक लक्ष्य को प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले छह वर्षों में सरकार की परिवर्तनकारी नीतियां और अनुकूल व्यवस्था उद्योग के सभी क्षेत्रों में काफी सहायक रही हैं। इस संबंध में राष्ट्रीय डिजाइन नीति भारत को एक डिजाइन सक्षम नवाचारी अर्थव्यवस्था बनाने, मौलिक भारतीय डिजाइनों के सृजन और उनकी वैश्विक पहुंच और ब्रांडिग सुनिश्चित करने में मददगार है।

सरकार ने सृजनात्मक क्षमता के विकास के लिए चार नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान की स्थापना से देश में डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है। इससे देश की औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। चार नवगठित संस्थानों में से एक राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान-एन आई डी मध्य प्रदेश ने फरवरी 2019 में अपनी स्थापना के बाद से महत्वपूर्ण प्रगति की है। आज राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्य प्रदेश राष्ट्रीय महत्व का एक गौरवशाली संस्थान बन गया है। गुणवत्तापूर्ण डिजाइन शिक्षा के लिए स्थापित यह संस्थान आकर्षक और सुलभ भारतीय डिजाइनों को विकसित कर राष्ट्रीय निर्माण में योगदान कर रहा है। संस्थान ने दिसंबर 2020 में मध्य प्रदेश वार्षिक डिजाइन उत्सव का सफल आयोजन किया है। इसी ऊर्जा और सक्रियता से संस्थान ने समकालीन दौर में डिजाइन क्षेत्र की चुनौतियों और डिजाइनरों की भूमिका पर विचार-विमर्श के लिए 'थिनकिन' प्रयास के तहत नियमित रूप से कई कार्यक्रमों का संचालन किया।

मैं संस्थान को उसके समर्पित प्रयासों और अकादमिक वर्ष 2019-20 में उपलब्ध सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि एन आई डी मध्यप्रदेश आने वाले वर्षों में सफलता की नई ऊंचाईयों का स्पर्श करेगा।

पीयूष गोयल

सत्यमेव जयते

भूमिका

भारतीय बाजारों और इसकी वैश्विक पहुंच के साथ-साथ व्यवसाय के बीच प्रतिस्पर्धा भी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में औद्योगिक डिजाइनों का व्यावसायिक महत्व बहुत ही बढ़ जाता है क्योंकि विशिष्ट और आकर्षक उत्पाद बिक्री की दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग-डीपीआईआईटी, ने डिजाइन की क्षमता और रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइन शिक्षा को विकसित करने का महत्व समझते हुए वर्ष 2007 में राष्ट्रीय डिजाइन नीति लागू की थी।

2. डिजाइन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार के लिए वर्ष 2019-20 में राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान-एन आई डी मध्य प्रदेश की स्थापना की गई। उद्देश्य था ऐसे डिजाइनर तैयार करना जो प्रतिस्पर्धी ज्ञान अर्थव्यवस्था में सफल हो सकें। यहां यह उल्लेख करना प्रेरक रहेगा कि वर्ष 2019-20 के पहले अकादमिक वर्ष में 57 विद्यार्थी संस्थान से जुड़े और वे संचार डिजाइन, औद्योगिक डिजाइन तथा वस्त्र और परिधान डिजाइन का अध्ययन कर रहे हैं।

3. आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास में डिजाइन के बढ़ते महत्व को देखते हुए एन आई डी मध्यप्रदेश ने उद्योग जगत, डिजाइनरों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श प्रक्रिया की शुरूआत की। इसके साथ संस्थान प्रमुख औद्योगिक संगठनों का सदस्य बन गया है। इनमें भारतीय उद्योग परिसंघ-सीआईआई, भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ-फिक्की, मध्यप्रदेश वाणिज्य और उद्योग परिसंघ-एफएमपीसीसीआई और भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल-एसोचैम शामिल हैं। एन आई डी मध्यप्रदेश नियमित बैठकों के माध्यम से इन संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों के संपर्क में रहा है। डिजाइन पेशे के समन्वित विकास के लिए इस प्रकार का सहयोग आवश्यक है। आशा है कि ये प्रयास भारत में डिजाइन सेवा तथा डिजाइन से संबंधित अनुसंधान और विकास क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

4. एन आई डी मध्यप्रदेश अध्ययन, नवाचार और डिजाइनिंग का रचनात्मक स्थल है। इसी के साथ यह समाज के भी संपर्क में है और बेहतर भविष्य के लिए बदलाव लाने में प्रयासरत है। यह देखना भी सुखद है कि एन आई डी मध्यप्रदेश किस प्रकार अपने आदर्शों के प्रति निष्ठावान रहते हुए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक-नाबार्ड से प्रायोजित स्व सहायता समूहों को क्रय-विक्रय का प्रशिक्षण देकर उनकी मदद कर रहा है। वर्तमान समय में संस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, मध्यप्रदेश सरकार के साथ राज्य में फर्नीचर केंद्र की स्थापना के लिए काम कर रहा है।
5. मैं इतने कम समय मे आश्चर्यजनक पहलों और उपलब्धियों के लिए एन आई डी मध्यप्रदेश को बधाई देता हूं। मुझे आशा है कि संस्थान और इसके उभरते डिजाइनर इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ अपना काम जारी रखेंगे।

गुरूप्रसाद महापात्रा

सत्यमेव जयते

धीरज कुमार

निदेशक,
(राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्यप्रदेश)

मैं, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश (एन आई डी-एमपी) का पहली वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह रिपोर्ट कई मायनों में अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमेशा मध्य भारत में औपचारिक डिजाइन पहलों का आधार दस्तावेज मानी जाएगी। एन आई डी एमपी की पूरी स्थापना टीम ने इस ऊर्जा के सृजन के लिए रात-दिन अथक प्रयास किया है। उनके प्रयास और उनकी नवाचारी पहल सुदृढ आधारस्तंभ बन गए हैं जो इतिहास में स्थायी रूप से दर्ज रहेंगे। रिपोर्ट में हम आपको उस प्रगति से अवगत कराएंगे जो संस्थान की आधारशिला रखे जाने के बाद से प्राप्त हुई है और साथ ही उन प्रयासों की भी जानकारी देंगे जो सौंपे गए दायित्व को पूरा करने में किए गए हैं। यह रिपोर्ट पुस्तिका नौ प्रमुख अध्यायों में बंटी है, जिससे अपेक्षित जानकारी प्राप्त करने में आसानी होगी। हमारे समक्ष आने वाली चुनौतियों के बावजूद संस्थान भवन और अधिकांश सुविधाएं लगभग तैयार हैं। इस रिपोर्ट पुस्तिका में संबंधित चित्र भी दिए गए हैं, जो इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं कि 'एक तस्वीर हजारों शब्दों के बराबर है'। ये तस्वीरें आपको हमारे अथक प्रयासों से अवगत कराएंगी।

भारत में डिजाइन क्षेत्र को अभी भी अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचना है और वास्तविक योगदान करना है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विभिन्न पहल और सुधारों के माध्यम से नया आकार ले रहा है। ये सुधार देश को विश्व नेता के रूप में स्थापित करने की सुदृढ आधारशिला रखेंगे। वैश्विक अर्थव्यवस्था में डिजाइन किसी भी उत्पाद को प्रतिस्पर्धी, विशिष्ट और मूल्य संवर्द्धित बनाने का रणनीतिक माध्यम है।

नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों को सभी उद्योगों के व्यवसाय विकास में डिजाइन की केंद्रीय भूमिका स्थापित करने और हमारी जीवनशैली में भारतीय सौंदर्यबोध के प्रति आदर बढाने का दायित्व दिया गया है। एन आई डी मध्यप्रदेश और इसकी पूरी टीम राष्ट्रीय

निर्माण के इस पुनीत कार्य के लिए समर्पित है। इस प्रकार संस्थान के पहले वर्ष में उपलब्ध प्रगति मध्य भारत में सभी महत्वपूर्ण हितधारकों के साथ व्यापक नेटवर्क स्थापित करने का प्रमाण है। यह नेटवर्क एन आई डी मध्यप्रदेश के लिए अपने उद्देश्य हासिल करने में सहायक साबित होगा। डिजाइन का हमारे आस-पास के परिवेश में एक परिवर्तनकारी प्रभाव है। यह प्रभाव संस्कृति, व्यापार, व्यवसाय, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था से परे है। डिजाइन में धनराशि के मूल्य संवर्द्धन की क्षमता है। भारत में विशाल आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन संबंधी जरूरतें विशिष्ट हैं। एन आई डी मध्यप्रदेश के सभी अकादमिक कार्यक्रम डिजाइन आधारित हस्तक्षेपों के माध्यम से आस-पास की दुनिया को मनचाहा आकार देने के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं।

व्यापक उत्तरदायित्व और ऐतिहासिक ब्रांड के साथ किसी नए संस्थान की स्थापना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। नए संस्थान को संस्कृति की मजबूत आधारशिला के अनुरूप राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में विकसित करने का दृढ संकल्प रखने वाले कर्मचारियों की नियुक्ति भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। डिजाइन को सभी प्रकार के विकास में अग्रणी स्थान पर रखने के राष्ट्रीय मिशन से टीम को जोड़ने और साझा लक्ष्य के लिये कार्य करने का परिणाम सफल रहा है। बुनियादी ढांचागत चुनौतियों के बीच सकारात्मक कार्य संस्कृति बनाए रखने के दायित्व ने हमे अपना सर्वोत्तम देने के लिए प्रेरित किया। असंख्य मुद्दों और चुनौतियों के बीच मुख्य मिशन पर ध्यान केंद्रित रखना कठिन था। विद्यार्थियों सहित पूरी टीम ने यह जिम्मेदारी संभाली और असीम धैर्य का परिचय देते हुए संस्थान को उसका समुचित दर्जा दिलाना सुनिश्चित किया।

संस्थान की पूरी टीम का मानना है कि डिजाइन प्रत्येक औद्योगिक सेक्टर के लिए विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। समझौता ज्ञापनों, सहयोग समन्वय, प्रायोजित अनुसंधान, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, सम्मेलनों के रूप में हमारे प्रयासों का उद्देश्य एक ऐसी अनुकूल व्यवस्था कायम करना है जिसमें डिजाइन अपना मूल उद्देश्य पूरा करने में सफल हो सके, अपनी वास्तविक क्षमता का प्रदर्शन कर सके और देश के प्रत्येक विकास पहल में योगदान कर सके। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जल्दी ही हम जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में डिजाइन की केंद्रीय भूमिका स्थापित करने में समर्थ हो सकेंगे। टीम का प्रत्येक सदस्य डिजाइन केंद्रित इस परिकल्पना को अपने प्रत्येक कार्यों में मार्गदर्शक सिद्धांत बनाने के लिए प्रयासरत है।

अपने स्थापना के पहले वर्ष में ही संस्थान की टीम ने 'मोजैक थीम' के साथ पहले मध्यप्रदेश डिजाइन उत्सव का आयोजन किया। इस वार्षिक उत्सव में डिजाइन जगत, राज्य सरकार, उद्योग जगत, कला और शिल्प समुदाय तथा समाज के प्रतिनिधि और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया। इस आयोजन ने समाज के सभी वर्गों का ध्यान खींचा। आशा है कि आने वाले वर्षों में यह मध्य भारत का सर्वाधिक महत्वपूर्ण डिजाइन उत्सव बन जाएगा।

व्यापक पहुंच बनाने के लिए संस्थान नियमित रूप से अन्य कॉलेज और स्कूलों के लिए ऑनलाइन सत्र संचालित करता है।

इस वित्तीय वर्ष का अंत एक वैश्विक आघात से साथ हुआ और बिना किसी पूर्व सूचना के सभी गतिविधियां अचानक बंद कर देनी पड़ी। कोविड संक्रमण का फैलाव रोकने के लिए भारत सरकार ने पूरे देश में लॉकडाउन लागू कर दिया। विद्यार्थियों और बाहर के कर्मचारियों के साथ हमारी टीम ने समस्त गतिविधियां ऑनलाइन संचालित करने और परिसर में आवश्यक उपायों का प्रबंध करने की तत्परता दिखाई। इस तीव्र और सुचारू बदलाव से अकादमिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान नहीं पड़ा। पूरी टीम ने घर से अपना काम जारी रखा।

उद्योग जगत के सभी संगठनों के साथ हमने व्यवसाय विकास में डिजाइन अवसरों की गुंजाइश स्पष्ट करने के लिए विशेष समय-सीमा की योजना बनाने पर गंभीर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है।

विश्व के प्रत्येक भाग में डिजाइन उद्योग के सभी अन्य हितधारकों के साथ एन आई डी मध्यप्रदेश डिजाइन आधारित उद्योगों के लिए शिक्षा और परामर्श के माध्यम से सहयोग उपलब्ध कराता रहेगा तथा समाज से विभिन्न वर्गों के बीच अंतराल दूर करने का सरकार द्वारा सौंपा गया दायित्व पूरा करता रहेगा।

आभारोक्ति

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्य प्रदेश की संचालन परिषद अनवरत सहयोग और उद्योग अनुकूल नीतियां तय करने के विभिन्न प्रयासों के लिए माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल के प्रति आभार प्रकट करती है।

परिषद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग की उनके मार्गदर्शन के लिए आभारी है। संस्थान की नीतियां लागू करने में मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हम विभाग के सचिव श्री गुरूप्रसाद महापात्रा, संयुक्त सचिव श्री रविन्दर और उप सचिव श्री करन थापर को विशेष रूप से धन्यवाद देते हैं।

परिषद, तत्कालीन वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु, उद्योग और आंतरिक विभाग के पूर्व सचिव श्री रमेश अभिषेक और पूर्व संयुक्त सचिव श्री राजीव अग्रवाल के प्रति भी उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए आभार प्रकट करती है।

विभिन्न सेवाओं में सुधार जैसे- विभिन्न कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम को अद्यतन बनाने और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन के बहुमूल्य सुझावों के लिए परिषद, भारतीय उद्योग परिसंघ, वाणिज्य और उद्योग महासंघ, भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल तथा मध्यप्रदेश वाणिज्य और उद्योग परिसंघ की भी आभारी है।

एन आई डी मध्यप्रदेश की संचालन परिषद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार के अन्य विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के बहुमूल्य सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करती है।

1.परिचय

1.1 हमारे बारे में-

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (पूर्व में औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने डिजाइन सक्षम नवाचारी अर्थव्यवस्था की स्थापना और देश में डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2007 में राष्ट्रीय डिजाइन नीति की परिकल्पना की थी।

विभिन्न सेक्टरों, नीतियों तथा मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्मार्ट सिटी जैसी स्कीमों में डिजाइन और नवाचार के प्राथमिक महत्व को देखते हुए डिजाइन शिक्षा को बढ़ावा देना अनिवार्य हो गया है। केंद्र सरकार की इन योजनाओं का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को पेशेवर प्रशिक्षित डिजाइनरों के कौशल और विशेषज्ञता की जरूरत है।

राष्ट्रीय डिजाइन नीति में डिजाइन कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए देश के अन्य भागों में एन आई डी अहमदाबाद के अनुरूप डिजाइन संस्थानों की स्थापना की सिफारिश की गई थी। इस योजना के तहत चार राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान स्थापित किए गए। एन आई डी मध्यप्रदेश इनमें से एक है। देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में नए एन आई डी की स्थापना से डिजाइन क्षेत्र में कुशल मानव शक्ति सृजित करने में मदद मिलेगी। इससे शिल्प, हैंडलूम, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, लघु, मध्यम और बड़े पैमाने के उद्यमों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा इनके लोकसंपर्क कार्यक्रमों से क्षमता और संस्थान निर्माण में मदद मिलेगी।

एन आई डी मध्यप्रदेश का पहला अकादमिक सत्र 57 विद्यार्थियों के साथ जुलाई 2019 में शुरू हुआ। सत्र की शुरूआत मध्यप्रदेश में ईंट खेड़ी, अरवलिया(डाकखाना), भोपाल के अचारपुरा गांव में संस्थान के परिसर से हुई।

1.2 वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी)

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग- डीपीआईआईटी की स्थापना 1995 में की गई थी। वर्ष 2000 में औद्योगिक विकास विभाग के विलय के साथ इसका पुनर्गठन किया गया। पहले 1999 में लघु उद्योग, कृषि और ग्रामोद्योग तथा भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम के लिए अलग मंत्रालय बनाए गए। डीपीआईआईटी को पहले औद्योगिक नीति संवर्द्धन विभाग कहा जाता था। जनवरी 2019 में इसे उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग का नाम दिया गया। वर्ष 2018 में ई-वाणिज्य से संबंधित विषय विभाग को हस्तांतरित किए गए और 2019 में इस विभाग को आंतरिक व्यापार, व्यापारियों के हित, स्टार्टअप संगठनों और उनके कर्मचारियों से संबंधित विषयों का प्रभार दिया गया।



व्यवसाय नियमों का आवंटन

व्यवसाय नियमों के आवंटन के अनुसार विभाग निम्नलिखित विषयों सहित राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक नीतियों के निर्धारण के लिए उत्तरदायी है।

* उद्योग में उत्पादकता,
* औद्योगिक प्रबंध,
* ई-वाणिज्य और स्टार्टअप संबंधी विषय,
* कारोबार में आसानी को बढ़ावा देना
* खुदरा व्यापार, व्यापारियों और उनके कामगारों के हित, उद्योग प्रशासन (विकास और विनियमन) अधिनियम 1951 लागू करने, औद्योगिक लाइसेंस की मंजूरी तथा औद्योगिक उद्यमी ज्ञापनों की मंजूरी सहित आंतरिक व्यापार संवर्द्धन।
* विभाग बौद्धिक संपदा अधिकार के संरक्षण के संबंधित 6 अधिनियम भी लागू करता है। यह विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और अनिवासी भारतीयों द्वारा निवेश से संबंधित विषय भी संचालित करता है और देश के औद्योगिक विकास में निवेश को बढ़ावा देता है। अमरीका, यूरोप, सीआईएस देश, अफ्रीका, मध्य-पूर्व, एसियन और ओशेनिया देशों से संबंधित विषयों के संचालन में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और औद्योगिक संवर्द्धन के लिए पांच क्षेत्रीय संभाग हैं।
* यह विभाग केबल, हल्के अभियांत्रिक उद्योग, हल्के विद्युत अभियांत्रिकी उद्योग, पेपर और न्यूजप्रिंट, टायर और ट्यूब, नमक, सीमेंट, सेरेमिक, टाइल्स, शीशा, चमड़े के सामान, साबुन और डिटरजेंट तथा अन्य मंत्रालयों और विभागों के दायरे में नहीं आने वाले उद्योगों से संबंधित सेक्टर के संवर्द्धन और विकास के लिए भी उत्तरदायी है।
*
* विभाग द्वारा निम्नलिखित अधिनियम लागू किए गए हैं:
* उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम 1951
* विस्फोटक अधिनियम 1884
* ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम 1952
* ब्वॉयलर अधिनियम 1923
* कॉपीराइट अधिनियम 1957
* पेटेंट अधिनियम 1970
* डिजाइन अधिनियम 2000
* माल के भौगोलिक संकेत संबंधी (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम 1999
* ट्रेड मार्क अधिनियम 1999
* राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम 2014

सरकार ने 8 फरवरी 2007 को राष्ट्रीय डिजाइन नीति मंजूर की। इस नीति के विवरण में अन्य बातों के अलावा सुस्पष्ट और सुव्यवस्थित नियामक द्वारा भारतीय डिजाइनों को बढावा देने की संवर्द्धन और संस्थागत रूपरेखा शामिल है।

यह नीति वर्तमान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों, डिजाइन संस्थानों और मानव संसाधनों के अंतरराष्ट्रीय मानदंडों तक उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करती है। इसका उद्देश्य देश के सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डिजाइन शिक्षा का प्रसार करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2007 में मंत्रिमंडल ने भोपाल, कुरूक्षेत्र, जोरहाट और विजयवाड़ा में चार राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान स्थापित करने की मंजूरी दी। इन्हें स्वायत्तशासी संस्थानों के रूप में स्थापित किया गया है तथा क्षेत्रीय और राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने का दायित्व दिया गया है।

1.3 एन आई डी का अधिदेश

एन आई डी का अधिदेश विश्वस्तरीय डिजाइन शिक्षा प्रदान करना तथा गुणवत्तापूर्ण डिजाइनों और उनके उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाकर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह दायित्व इन माध्यमों से पूरा किया जाता है:

* देश की विविध डिजाइन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्कृष्ट डिजाइन पेशेवरों का सृजन।
* डिजाइनरों का प्रशिक्षण, अन्य संस्थानों के डिजाइन कौशल का संवर्द्धन और वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप डिजाइन शिक्षा और अनुसंधान को बढावा देना।
* वर्तमान और नए संस्थानों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण डिजाइन पेशेवरों और फैकल्टी की संख्या में वृद्धि।
* डिजाइन संबंधी ज्ञान, अनुभव और उत्पाद जानकारी, प्रणाली, सामग्री, पारंपरिक और आधुनिक डिजाइन और उत्पादन प्रक्रियाओं का कोष सृजित करना।
* कम लागत पर दैनिक उपयोग के घरेलू डिजाइन समाधानों तथा उत्पादों को बढावा देना।
* यह सुनिश्चित करना कि पेशेवर डिजाइनर राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल किये जाएं ताकि डिजाइन शिक्षा और अभ्यास का मानदंड ऊंचा हो सके।
* राजस्व अर्जित करने की कार्यनीति के रूप में विद्यार्थियों की भागीदारी से एकीकृत डिजाइन परामर्श सेवा और नवाचारी डिजाइन समाधान उपलब्ध कराना।
* जीवन की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन जैसे बहुविषयक क्षेत्रों के लिए डिजाइन इनपुट, उत्पाद, सेवा, प्रक्रिया और प्रणाली सृजित करना और उपलब्ध कराना।
* बेहतर सूचना और इंटरफेस डिजाइन के माध्यम से भौतिक जगत को वर्चुअल और डिजिटल दुनिया के साथ एकीकृत करना।
* लोकसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से शिल्प और हतकरघा क्षेत्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, लघु, मध्यम और बड़े पैमाने के उद्यमों के लिए डिजाइन उपलब्ध कराना और रोजगार के अवसर सृजित करना।

1.4 राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम

* राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश को 29 नवंबर 2019 को राष्ट्रपति की मंजूरी से राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के दायरे में लाया गया। यह अधिनियम 3 दिसंबर 2019 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ और 13 जनवरी 2020 की सरकारी गजट अधिसूचना के जरिए प्रभावी हुआ। इसके लागू होने से एन आई डी मध्यप्रदेश को डिजाइन में स्नातक डिग्री (बी.डिज), डिजाइन में मास्टर डिग्री (एम.डिज) और डिजाइन में पीएचडी डिग्री उपलब्ध कराने की पात्रता मिल गयी है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत संस्थान को निम्नलिखित शक्तियां और अधिकार प्राप्त हैं और यह निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करता है:

* डिजाइन से संबंधित क्षेत्रों या विषयों में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाएं उपलब्ध कराना।

* स्नातक, परास्नातक डिग्री, डॉक्टोरल, पोस्ट डॉक्टोरल विशिष्टता पाठ्यक्रम विकसित करना, परीक्षाएं संचालित करना, डिजाइन से संबंधित क्षेत्रों और विषयों में डिग्री, डिप्लोमा और अन्य अकादमिक उपाधियां प्रदान करना।

* डिजाइन के संबंधित क्षेत्रों और विषयों में मानद उपाधियां, पुरस्कार और अन्य विशिष्टताएं प्रदान करना।

* फैलोशिप, स्कोलरशिप, पुरस्कार और पदक सृजित करना और प्रदान करना।

* शुल्क और अन्य प्रभार तय करना और संग्रह करना।

* विद्यार्थियों के लिए छात्रावास का निर्माण, रख-रखाव और प्रबंधन।

* विद्यार्थियों में अनुशासन बनाए रखना और इस पर निरीक्षण रखना, संतुलित सांस्कृतिक और सामूहिक जीवन यापन के लिए उनके स्वास्थ्य और हितों का ध्यान रखना।

* अकादमिक और अन्य पद सृजित करना और इन पदों पर (निदेशक पद को छोड़कर) नियुक्ति करना।

* सामान्य या विशेष उद्देश्यों के लिए नवाचार, सुधार या डिजाइन या मानकीकरण चिन्ह पर पेटेंट या लाइसेंस प्राप्त करना।

* डिजाइन से संबधित क्षेत्रों और विषयों में परामर्श का उत्तरदायित्व लेना।

* संस्थान की या उसे सौंपी गई संपदा से सबधित दायित्व पूरे करना, इस प्रकार कि संस्थान संपदा से संबंधित निर्णय के लिए उपयुक्त प्रतीत हो ।

* सरकार से उपहार, अनुदान, दान या चंदा प्राप्त करना या वसीयतकर्ता, दानकर्ता या संपत्ति हस्तांतरण से, जैसी भी स्थिति हो, चल या अचल संपत्ति की वसीयत, दान और हस्तांतरण प्राप्त करना।

* ऋण, छात्रवृत्ति या अन्य मौद्रिक सहायता की मंजूरी से सेवा, प्रशिक्षण या अनुसंधान में लगे या लगने वाले लोगों की शिक्षा में सुधार और प्रोत्साहन।

* औद्योगिक डिजाइन और सहयोगी विषयों से संबंधित पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, प्रदर्शनियों, फिल्मों, स्लाईड, गैजेट, विज्ञप्ति और अन्य साहित्यिक सामग्री की तैयारी, छपाई, प्रकाशन, प्राप्ति और वितरण।

* डिजाइन और सहयोगी विषयों से संबंधित संग्रहालय, पुस्तकालयों की स्थापना और रख-रखाव तथा साहित्य और फिल्मों, स्लाईड, चित्रों और अन्य जानकारियों का संग्रह।

* विधान और अध्यादेश बनाना और इनमें बदलाव, संशोधन करना या रद्द करना।

* पूरी तरह या आंशिक रूप से संस्थान के समान विषय वाले, विश्व के किसी भी भाग के शैक्षणिक या अन्य संस्थानों के साथ फैकल्टी सदस्यों और विद्जनों के आदान-प्रदान के माध्यम से सहयोग करना, इस प्रकार कि यह सहयोग उनके साझा हितों के अनुरूप हो।

* संस्थान द्वारा प्रायोजित और वित्त पोषित अनुसंधान और परामर्श योजनाओं के द्वारा संस्थान और उद्योग के बीच डिजाइनरों और अन्य तकनीकी कर्मचारियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर अकादमिक और उद्योग जगत के समन्वय केंद्र के रूप में कार्य करना।

* वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए उत्तम डिजाइन सृजन में वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के उद्देश्य से आधुनिक मशीनरी और उपकरणों से लैस कार्यशालाओं या प्रयोगशालाओं की स्थापना और रख-रखाव करना। ऐसे कार्यों के लिए और ऐसी कार्यशाला या प्रयोगशाला या स्टूडियो में सेवा, प्रशिक्षण और अनुसंधान कार्य में लगे लोगों के भुगतान के लिए धनराशि उपलब्ध कराना।

* ऐसे क्षेत्रों में, जिन्हें संस्थान उचित मानता हो, सेवा प्रशिक्षण और अनुसंधान के उद्देश्य से भारत या भारत से बाहर अध्ययन के लिए डिजाइनर, इंजीनियर (मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल या सिविल), वास्तुकार, शिल्पी, तकनीशियन या खोजकर्ताओं को मनोनीत करना।

* संस्थान के उद्देश्यों के सिलसिले में कुशल पेशेवर, तकनीकी सलाहकार, परामर्शदाता, कामगार या शिल्पियों को नियुक्त करना या बहाल रखना।

* दस्तकारों, तकनीशियनों और नवाचारी कौशल वाले अन्य कामगारों को पुरस्कार, वित्तीय या तकनीकी सहायता देकर प्रक्रियाओं, उपकरणों और गैजेट के विवरण और विनिर्देशों के लिए प्रोत्साहित करना।

* संस्थान से जुड़ी चल या अचल परिसंपत्तियों को बंधक रखने, प्रभार या बंधक रखे जाने की संभावना या शपथ की प्रतिभूति पर या प्रतिभूति के साथ या बिना प्रतिभूति के या किसी अन्य ढंग से उधार लेना या धन एकत्र करना।

* भवन निर्माण और इनमें परिवर्तन, विस्तार, सुधार, मरम्मत या रूपांतरण तथा अन्य संबंधित सुविधाओं से लैस करना।

* संस्थान के समस्त या किसी भी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक, आकस्मिक या हितकर सभी अपेक्षाएं पूरी करना।

1.5 राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (आईएनआई)

राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, भारतीय संसद के अधिनियम द्वारा किसी अग्रणी सार्वजनिक उच्च शिक्षण संस्थान को प्रदान किया जाने वाला एक दर्जा है, जो देश/ राज्य के विशिष्ट क्षेत्र में उच्च कौशल प्राप्त कर्मियों को विकसित करने में लगे संस्थान को दिया जाता है। राष्ट्रीय महत्व के संस्थान को विशेष मान्यता और भारत सरकार से वित्त पोषण प्राप्त होता है।

एन आई डी मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम 2014 और इसमें बाद में हुए संशोधनों के तहत संसद के अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्रदान किया गया है। एन आई डी अधिनियम 2014 के संशोधन से चार नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान स्थापित किए गए।
1.राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अमरावती/विजयवाड़ा. आंध्र प्रदेश।
2. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान जोरहाट, असम।
4. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान कुरूक्षेत्र, हरियाणा।
इन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद के बराबर) का दर्जा दिया गया है।

अधिनियम में किए गए संशोधनों में एन आई डी भोपाल को एन आई डी मध्यप्रदेश किया जाना और प्रधान डिजाइनर को प्रोफेसर के समतुल्य माना जाना शामिल है। 2020 तक 159 संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित किया गया। इनमें 23 आईआईटी, 15 एम्स, 20 आईआईएम, 31 एनआईटी, 25 आईआईआईटी, 7 आईआईएसईआर, 7 एनआईपीईआर, 5 एनआईडी, 3 एसपीए, 5 केंद्रीय विश्व विद्यालय, 4 चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और 14 अन्य विशिष्ट संस्थान शामिल हैं।
देश के विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में एन आई डी की स्थापना से डिजाइन क्षेत्र में उच्च कौशल प्राप्त मानव शक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। शिल्प और हतकरघा क्षेत्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी, लघु, मध्यम और बड़े पैमाने के उद्यमों को सतत डिजाइन सहयोग मिलेगा।

1.6 एन आई डी, मध्यप्रदेश की ब्रैडिंग

एन आई डी ब्रैंड का स्रोत 1960 के दशक की शुरूआत में निहित है। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम 2014 और बाद में इसमें हुए संशोधनों के तहत नवगठित चार राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों को एन आई डी अहमदाबाद के समकक्ष दर्जा मिला। सभी नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों को स्वायत संस्था अधिदेशित किया गया है और उन्हें अपनी डिजाइन आवश्यकताओं और भौगोलिक स्थानीयता से संबंधित पोर्टफोलियो और गतिविधियों तथा राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सामाजिक और औद्योगिक प्रभावकारिता के साथ अपनी स्वयं की पहचान स्थापित करने का अधिदेश दिया गया है। एनबीसीसी के माध्यम से ब्रैंड निर्मित करने और संस्थान का लोगो डिजाइन करने के लिए मैसर्स ग्राउ बार डिजाइन, इंदौर को संस्थान के निर्देशक के साथ काम करने का दायित्व सौंपा गया। एन आई डी भोपाल के लोगो को 29 मई 2019 को हुई संचालन परिषद की पहली बैठक में अनुमोदित कर दिया गया। इसके बाद मंत्रिमंडल की मंजूरी से डीपीआईआईटी ने संस्थान का नाम एन आई डी भोपाल से बदलकर एन आई डी मध्यप्रदेश कर दिया और संचालन परिषद की

Final Logo	Geometry and proportions of logo
राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान National Institute of Design मध्यप्रदेश Madhya Pradesh राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान National Institute of Design मध्यप्रदेश Madhya Pradesh	

एन आई डी एमपी के लोगो का तत्व दर्शन
ईश्वर सृष्टि का पहला ज्यामितिशास्त्री माना जाता है और पूरी सृष्टि एक दिव्य अनुपात में सृजित है।
एन आई डी, मध्यप्रदेश का मोनोक्रोम लोगो ज्यामिति से इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि इसका आधार, अपनी अपील खोये बिना, सभी मीडिया, प्रारूप और पैमाने के लिए भरोसेमंद है। इसके घेरे परिपूर्णता, संपूर्णता और तालमेल के प्रतीक हैं, इसलिये संस्थान के नाम के प्रत्येक शब्द का पहला अक्षर, व्यापक अपील और स्वीकृति के लिये, लोगो में शामिल किया गया है।

लोगो के विभिन्न भागों और संरचना का अर्थ

लोगो बनाने में निम्नलिखित फोंट का उपयोग किया गया है।
* हिंदी फोंट नोटो सांस
* अंग्रेजी फोंट हेलवेटिका

लोगो के तीन वृत्ताकार घेरे एन आई डी एमपी को उद्योग और समाज के लिये प्रासंगिक बने रहने के अधिदेश का प्रतीक हैं जो इसके दर्शन के मूल में है और यह मूल्य इसकी पहचान में समाहित है। यह संस्थान को उद्योग जगत और समाज की सेवा के दायित्व का अनवरत स्मरण कराता है।

* सबसे छोटा घेरा संस्थान का प्रतिनिधित्व करता है
* दूसरा उद्योग का,
* और तीसरा घेरा संपूर्ण समाज और वैश्विक समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है।
* सभी तीनों घेरे साथ मिलकर केंद्रस्थ जुड़ाव से परे वृद्धि और निरंतरता के प्रतीक हैं।

वृत्त

वृत्त य़ा घेरा संपूर्णता, परिपूर्णता, नित्यता और शाश्वतता का सार्वभौम प्रतीक है। यह समय के चक्र को और प्रत्येक गतिशील वस्तु की निरंतर गति को व्यक्त करता है। यह बिना किसी बाधा के गतिशील रहता है और इस प्रकार ऊर्जा और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। यह स्वतंत्र गति से घूमता है और अनन्त तथा एकत्व का प्रतीक है। स्वतंत्र रूप से परिक्रमा करते हुए यह अपने घेरे के भीतर के हिस्से की सुरक्षा करता है। यह रक्षा, धैर्य और सुरक्षा का प्रतीक है।

काला रंग
काला रंग जिन भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है वे विशेष रूप से पूरे आधार की स्थिति को व्यक्त करती हैं।

अन्य सभी रंगों को गहनता और विविधता से उभारने के लिए काला रंग जरुरी होता है। यह शक्ति, अधिकार, ऊर्जा, भव्यता, शिष्टता, औपचारिकता और परिष्कार का प्रतीक है। सफेद रंग के साथ विरोधाभासिता में इसका उपयोग ऊर्जा सृजित करता है। इस रंग में सूचना और जानकारी के हस्तांतरण की अपार संचार क्षमता है।

सफेद रंग

सफेद रंग अच्छाई, स्वच्छता, पवित्रता, स्पष्टता और निर्दोषिता का प्रतीक है। यह आशा, समानता, ऊर्जा, सरलता, उन्मुक्ता, सच्चाई, शांति, आदर्शवादिता, ताजगी और सूक्ष्मता का प्रतिनिधित्व करता है।

1.7 भारत में डिजाइन की उत्पत्ति

डिजाइन करना और चीजों को बेहतर और आनंददायी बना देना मनुष्य की बुनियादी प्रवृत्ति है। यह गुण अनुवांशिक रूप से जीन द्वारा हस्तांतरित होता है। काल खंड में प्रचीनतम महाद्वीप पेनजिया से लेकर महान राष्ट्र भारत तक की यात्रा एक अभिभूत कर देने वाली बौद्धिक यात्रा रही है। इसके दौरान विभिन्न घटनाक्रमों के जरिये ज्ञान का हस्तांतरण हमारे भावावेशों, प्रवृत्तियों, इच्छा इत्यादि के विकास का स्रोत रहा है। बीज और मिट्टी का सिद्धांत इस दृष्टिकोण का सत्यापन करता है। इस प्रकार डिजाइन को संभवत: मनुष्य को ज्ञात प्राचीनतम पेशा माना जा सकता है और यह अन्य सभी विषयों के जन्म और उत्पत्ति का पालना रहा है। डिजाइन के पुरात्व प्रमाण विश्वभर के पुरातात्विक स्थलों पर पाये जा सकते हैं। किसी भी उत्पाद के लिए डिजाइन उसका अभिन्न और अविभाज्य अंग होता है। इस प्रकार प्रत्येक उत्पाद का निर्माता एक रचनात्मक व्यक्ति हैं और सभी रचनात्मक व्यक्ति डिजाइनर हैं।

ब्रांड एन आई डी भारतीय डिजाइन विषय और उद्योग की उत्पत्ति के कुछ प्रमुख घटनाक्रम पोस्ट स्क्रिप्ट-1 में दिए गए हैं।

राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF DESIGN

1.8 एन आई डी, एमपी का इतिहास

राष्ट्रीय डिजाइन नीति ने डिजाइन कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए देश के विभिन्न भागों में एन आई डी अहमदाबाद की तर्ज पर डिजाइन संस्थान स्थापित करने की सिफारिश की थी। 2013 में सरकार ने एन आई डी अहमदाबाद के समकक्ष चार नए डिजाइन संस्थान- मध्य प्रदेश (भोपाल), आंध्र प्रदेश (अमरावती), असम (जोरहाट) और हरियाणा (कुरूक्षेत्र) में स्थापित करने का फैसला किया।

चित्र- इन नए संस्थानों में सबसे पहले एन आई डी एमपी को डीपीआईआईटी में एन आई डी सेक्शन के अधिकारियों के अथक प्रयासों से 13 सितंबर 2013 को जमीन प्राप्त हुई। श्री आनंद शर्मा, तत्कालीन वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने एन आई डी एमपी की आधारशिला रखी। एन आई डी अहमदाबाद के निदेशक श्री प्रद्युम्न व्यास और श्री सिद्धार्थ स्वामी नारायण, एन आई डी अहमदाबाद के प्रशासन प्रमुख ने प्रस्तावित स्थल का दौरा किया।

चित्र- डीपीआईआईटी अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया।

चित्र- प्रोफेसर धीरज कुमार एन आई डी एमपी के पहले निर्देशक बनाए गए और उन्होंने 7 जनवरी 2019 को कार्यभार संभाला।

* भोपाल क्षेत्र के केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने चारदिवारी का निर्माण कार्य किया।
* 2016 में परिसर का निर्माण कार्य शुरू हुआ।
* एक फरवरी 2016 को एन आई डी भोपाल की कॉपरेटिव सोसायटी का गठन, एमपी सोसायटीज पंजीकरण अधिनियम 1973 के अंतर्गत समिति को वैधानिक दर्जा प्रदान करने के लिए किया गया। समिति का कार्यालय (एस नं. 01 01 02 30548 16) सचिव कार्यालय, उद्योग विभाग, मंत्रालय वल्लभभवन, भोपाल में स्थित था।
* इस समय तक एन आई डी अधिनियम में संशोधन का मसौदा विधेयक तैयार हो चुका था क्योंकि केवल विधायी प्रक्रिया से ही संसद, संविधान की 7वीं अनुसूची की केंद्रीय सूची की प्रविष्टि 64 के तहत, किसी वैज्ञानिक या तकनीकी शिक्षा संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित कर सकती है।
* सभी चार नए डिजाइन संस्थानों के निर्देशकों की नियुक्ति दिसंबर 2018 में की गई (डीपीआईआईटी के एन आई डी विभाग ने निर्देशकों की नियुक्ति की समग्र प्रक्रिया में समन्वय किया।)

चित्र- तत्कालीन केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने 22 फरवरी 2019 को संस्थान का ऑनलाइन उद्घाटन

चित्र- 22 फरवरी 2019 को एन आई डी एमपी परिसर के वीडियो उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित लोगों का चित्र।

चित्र- परियोजना की स्थिति पर विचार विमर्श के लिए एनबीसीसी के अधिकारियों, वास्तुकार और अन्य हितधारकों

चित्र- 22 फरवरी 2019 को तत्कालीन माननीय केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने संस्थान का वीडियो

चित्र- वीडियो उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग।

चित्र- वीडियो उद्घाटन के अवसर पर मौजूद लोग।

चित्र- निदेशक ने उपस्थित लोगों को परिसर दिखाया।

चित्र- 9 जनवरी 2019 को एन आई डी से सभी नए निर्देशकों ने डीपीआईआईटी के सचिव श्री रमेश अभिषेक और संयुक्त सचिव श्री राजीव अग्रवाल

चित्र- श्री राजीव अग्रवाल, संयुक्त सचिव निरीक्षण करते हुए।

चित्र- श्री राजीव अग्रवाल, संयुक्त सचिव निरीक्षण करते हुए।

चित्र- 12 अकादमिक और तीन प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार एन आई डी अहमदाबाद और इंडिया हैवीटेट सेंटर दिल्ली में आयोजित किए गए।

चित्र- 3 जून 2019 को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश में आयोजित पूजा।

चित्र- 3 जून 2019 को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्यप्रदेश में आयोजित पूजा।

चित्र- 7 जून 2019 को आवासीय खंड, निदेशक आवास में आयोजित पूजा।

चित्र- पहली काउंसलिंग और सीटों के आवंटन की प्रक्रिया 14 और 15 जून 2019 को एन आई डी अहमदाबाद में आयोजित की गई।

चित्र- संस्थान ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ अपना बैंकिंग कामकाज शुरू किया।

चित्र- पहले बैच के विद्यार्थियों का पंजीकरण 15 और 16 जुलाई 2019 को हुआ।

चित्र-विद्यार्थी और उनके अभिभावकों का परिसर भ्रमण।

"जब आपके
संकल्प में परिवर्तन होता है,
प्रत्येक वस्तु आपकी
इच्छित दिशा में
मुड़ने लगती है।
जिस क्षण
आप विजयी होने का
संकल्प लेते हैं
आपके अस्तित्व के
प्रत्येक स्नायु और तंत्रिकाएं
तुरंत आपकी सफलता की ओर
उन्मुख हो जाती हैं।"

दायसाकु इकेडा

2. वैधानिक निकाय

2.1 संचालन परिषद और इसके सदस्य

* संचालन परिषद, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अधिनियम 2014 की धारा 10 के तहत संस्थान की शीर्ष संस्था है। 29 मई 2019 को संचालन परिषद की पहली बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए।
* 6 पदों की 15 रिक्तियों -3 वरिष्ठ फैकल्टी, 3 सहायक वरिष्ठ फैकल्टी, 6 फैकल्टी, 1 रजिस्ट्रार, 1 वित्तीय लेखा नियंत्रक और 1 मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के लिए साक्षात्कार सफलता पूर्वक संचालित किया गया।
* एन आई डी भोपाल मध्यप्रदेश के लोगो का अनुमोदन।
* सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध कराने का संविधान का 103वां संशोधन लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से सभी पाठ्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की संख्या 25 प्रतिशत बढाने का फैसला किया गया। निर्देशकों को इसके अनुसार परिसर में अतिरिक्त संसाधन जुटाने के प्रावधान रखने को कहा गया।
* वित्तीय वर्ष 2019-20 के बजट अनुमान डीपीआईआईटी को देने का निर्णय लिया गया।
* निम्नलिखित अधिकारियों- निर्देशक, रजिस्ट्रार, वित्तीय लेखा नियंत्रक, मुख्य पुस्तकालय अध्यक्ष/ संसाधन केंद्र के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का अनुमोदन।
* भारत सरकार के नवीनतम नियमों के अनुसार चिकित्सा और बच्चों की शिक्षा भत्ते की योजना लागू करने का फैसला किया गया।
* सरकार के आदेश के अनुसार राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया।
* एन आई डी भोपाल द्वारा अपनी मानक संचालन प्रक्रियाएं और नियमावली बनाए जाने तक एन आई डी अहमदाबाद के सामान्य सेवा नियमों के अनुपालन का निर्णय लिया गया।
* सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए शुल्क में 7 प्रतिशत वार्षिक की बढ़ोत्तरी का फैसला।
* संस्थान की संचालन परिषद में निम्नलिखित सदस्य होते हैं-
* अध्यक्ष, जो एक प्रमुख शिक्षाविद्, वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकी विद् या पेशेवर या उद्योगपति होगा, विजिटर (कुलाध्यक्ष) द्वारा नामित किया जाएगा।
* निर्देशक, पदेन अधिकारी।
* राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान से संबंधित मंत्रालय या भारत सरकार के विभाग में कार्यरत वित्तीय सलाहकार, पदेन अधिकारी।
* राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान से संबंधित मंत्रालय या भारत सरकार के विभाग में कार्यरत संयुक्त सचिव, पदेन अधिकारी।
* मंत्रालय या भारत सरकार के विभाग से एक प्रतिनिधि जो उच्च शिक्षा विभाग में संयुक्त सचिव के पद से नीचे का न हो, उस मंत्रालय या विभाग के सचिव इन्हें नामित करेंगे, पदेन अधिकारी।
* मंत्रालय या भारत सरकार के विभाग से एक प्रतिनिधि जो सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में संयुक्त सचिव के पद से नीचे का न हो, उस मंत्रालय या विभाग के सचिव, पदेन अधिकारी इन्हें नामित करेंगे।
* जिस राज्य में संस्थान का परिसर अवस्थित है उस राज्य के एक प्रतिनिधि, राज्य सरकार द्वारा नामित।
* पांच विशेषज्ञ, वास्तुकला, अभियांत्रिकी, ललितकला, जन संचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्र से एक-एक, केंद्र सरकार द्वारा नामित किए जाएंगे।
* एक उत्कृष्ट डिजाइनर, विजिटर द्वारा केंद्र सरकार के साथ परामर्श से नामित।
* एक प्रबंधन विशेषज्ञ, अध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा।
* सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के एक प्रतिनिधि, केंद्र सरकार द्वारा नामित किया जाएगा।
* कंपनी, फर्म या व्यक्तियों द्वारा अनुशंसित लोगों में से सीनेट द्वारा नामित तीन व्यक्ति, जिन्होंने संस्थान को वित्तीय सहयोग या अंशदान उपलब्ध कराया हो; प्रावधान है कि इन नामांकनों के लिए पात्र माने जाने हेतु वित्तीय सहयोग या अंशदान और अन्य अपेक्षाएं, विधान में किए गए प्रावधानों के अनुसार हो। और
* प्रत्येक संस्थान परिसर के डीन, पदेन अधिकारी।

संचालन परिषद के सदस्य

संचालन परिषद के सदस्य
श्री राजीव अग्रवाल
अध्यक्ष
संयुक्त सचिव डीपीआईआईटी,
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत
सरकार
(01/04/2019 - 02/12/2019)

श्री रविन्दर
अध्यक्ष
संयुक्त सचिव डीपीआईआईटी,
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत
सरकार

श्री प्रो. धीरज कुमार
सदस्य सचिव
निदेशक राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान,
मध्य प्रदेश

श्री शशांक प्रिय
सदस्य
अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार
डीपीआईआईटी, वाणिज्य और उद्योग
मंत्रालय भारत सरकार

श्री संजय प्रसाद
सदस्य
संयुक्त सचिव, सार्वजनिक वित्त
संभाग, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय,
भारत सरकार

श्रीमती नीता प्रसाद
सदस्य
संयुक्त सचिव (आईसीसी/पी), उच्च
शिक्षा विभाग, मानव संसाधन
विकास मंत्रालय, भारत सरकार

श्री नीरज मंडलोई
सदस्य
प्रधान सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
मध्य प्रदेश सरकार
(01/04/2019 - 11/07/2019)

श्री हरी रंजन राव
सदस्य
प्रधान सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
मध्य प्रदेश सरकार
(12/07/2019 - 31/03/2020)

श्री मनोज गोविल
सदस्य
प्रधान सचिव, वित्त विभाग, मध्य
प्रदेश सरकार

डॉ. राजेश राजोरा
सदस्य
प्रधान सचिव, औद्योगिक नीति और निवेश संवर्द्धन, मध्य प्रदेश सरकार
(01.04.2019 - 06.09.2019)

डॉ. सुदम पंडरीनाथ खरे
सदस्य
जिला कलेक्टर, भोपाल जिला,
मध्य प्रदेश सरकार
(01/04/2019 - 07/06/2019)

श्री. तरुण कुमार पिथौरे
सदस्य
जिला कलेक्टर, भोपाल जिला,
मध्य प्रदेश सरकार
(19/06/2019 - 31/03/2020)

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान भोपाल का गठन 1 फरवरी 2016 को पंजीकरण के लिए एक सोसायटी के रूप में किया गया। संचालन परिषद के पदेन अधिकारी सदस्य। पहली बैठक 29 मई 2019 को हुई।

2.2 संचालन परिषद की स्थायी समिति

* संचालन परिषद के द्वारा स्थायी समिति का गठन किया जाता है।
* संचालन परिषद के विचार-विमर्श और अनुमोदन की अपेक्षा वाले सभी नीतिगत मामले और संस्थान के कर्मचारियों के सेवा शर्तों से जुड़े सभी मामले पहले स्थायी समिति के विचार-विमर्श, सिफारिशों या अनुमोदन के लिए रखे जाएंगे।
* भारत सरकार से बजटीय सहयोग की अपेक्षा वाले सभी प्रस्तावों की स्थाई समिति द्वारा समीक्षा की जाएगी और समिति संचालन परिषद को आवश्यक सुझाव और सिफारिशें देगी।
* स्थायी समिति वित्तीय समिति तथा निर्माण और अनुबंध समिति के रूप में भी कार्य करेगी और पूंजीगत व्यय के प्रमुख मदों में सभी भवन या निर्माण परियोजनाओं, अनुबंधों तथा कार्य आदेशों की समय-समय पर समीक्षा करेगी।
* स्थायी समिति संचालन परिषद द्वारा सौंपे गए सभी वित्तीय और नीतिगत मामलों की समीक्षा करेगी और सिफारिशें देगी।
* स्थायी समिति की कार्यवाही के सभी विवरण या समिति के स्वीकृत प्रस्ताव संचालन परिषद की बैठक में नोटिंग, विचार-विमर्श या संशोधन के लिए रखे जाएंगे।
* स्थायी समिति के सभी आदेश और निर्णय अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित होंगे। रजिस्ट्रार या संचालन परिषद द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रमाणित होंगे और समिति के सदस्यों को वितरित किए जाएंगे।

2.3 सीनेट

* सीनेट की भूमिका, शक्तियां और कार्य इस प्रकार हैं-

* विभिन्न विषयों के लिए अध्ययन पाठ्यक्रम तैयार करना और संशोधित करना तथा अकादमिक सलाहकार समिति की सिफारिशों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन करना।

* अध्ययन विषयों या कार्यक्रमों या परिसरों के सृजन, पुनः निर्माण या हटाये जाने के संबंध में संचालन परिषद को सुझाव देना।

* परीक्षा संचालन, परीक्षकों, मॉडरेटर, टेबुलेटर की नियुक्ति तथा परीक्षाओं से संबंधित अन्य मामलों की व्यवस्था पर नजर रखना।

* अंतिम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों की घोषणा या इसके लिए समितियां या अधिकारियों की नियुक्ति तथा डिग्री, डिप्लोमा और अन्य अकादमिक विशिष्टता या उपाधियां प्रदान करने के संबंध में संचालन परिषद को सुझाव देना।

* विशेष और महत्वपूर्ण शैक्षणिक मामलों में परामर्श के लिए सीनेट के सदस्यों, अन्य फैकल्टी सदस्यों तथा बाहर के विशेषज्ञों को लेकर समितियों या कार्य समूहों की नियुक्ति।

* शैक्षणिक सलाहकार समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं पर विचार करना और कार्रवाई करना या कार्रवाई के बारे में सुझाव देना।

* विभिन्न फैकल्टी स्ट्रीम या विषय की गतिविधियों की समय-समय पर समीक्षा तथा संस्थान के शिक्षा मानकों में उत्कृष्ठता बनाये रखने के लिए समुचित कार्रवाई।

* कक्षाओं और अन्य कार्यक्षेत्रों में डिजाइन अनुसंधान और विकास को बढावा देना तथा परामर्श, लोक संपर्क और उद्योग कार्यक्रम परियोजनाओं के जरिये अवसरों को बढावा देना।

* वैकल्पिक पाठ्यक्रमों तथा विद्यार्थियों के पाठ्येत्तर गतिविधियों की आयोजना और समीक्षा तथा समुचित सुझाव देना।

* प्रयोगशालाओं, स्टूडियो, कक्षाओं, छात्रावासों, विद्यार्थी कल्याण कार्यक्रमों, सह- पाठ्यक्रम संबंधी गतिविधियों और शिकायत निपटान तंत्रों के कामकाज की समीक्षा।

* स्टाइपेंड, छात्रवृत्ति, पदक, पुरस्कार और आवश्यक प्रतीत होने वाली स्थितियों में अन्य समान प्रशस्तियां प्रदान करना।

* संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समय-समय पर समीक्षा।

* संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश या प्रवेश परीक्षा संचालित करने के लिए नियम, पात्रता, रूप-रेखा, वेटेज तथा विश्वसनीय और प्रतिष्ठित एजेंसी या एजेंसियों के माध्यम से विभिन्न प्रशासनिक गतिविधियों की आउटसोर्सिंग सहित प्रक्रियाएं तय करने के लिए प्रवेश समिति का गठन।

* विद्यार्थियों के कल्याण संबंधी मामलों में, जिनमें कोई नीतिगत या अनुशासनात्मक विषय शामिल न हो, विचार-विमर्श के दौरान सीनेट की बैठक में दो विद्यार्थी प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करना।

* किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम को हटाये जाने संबंधी नियम तय करना और पर्याप्त विचार-विमर्श के बाद इसका अनुमोदन करना।

* सीनेट द्वारा निर्धारित विशेष कार्य संपन्न करने के लिए, आवश्यकता होने पर ऐसी अन्य समितियों (स्थायी और एडहॉक दोनो स्थितियों में) का गठन करना। ऐसी समितियों के सदस्य सीनेट द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप, सीनेट, संस्थान की अन्य फैकल्टी, संस्थान के विद्यार्थी और बाहर से विशेषज्ञों के बीच से नामित किए जाएंगे।

* सीनेट की बैठक में शामिल होने के लिए ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को आमंत्रित करना जिन्हें बुलाया जाना आवश्यक प्रतीत होता हो।

2.4 फैकल्टी फोरम

फैकल्टी फोरम एक परामर्शदाता निकाय है, इसमें संस्थान की सभी शिक्षण फैकल्टी के सदस्य शामिल होते हैं।

फैकल्टी फोरम की बैठक वर्ष में कम से कम दो बार अवश्य होती है। शैक्षणिक सेमेस्टर शुरु होने से पहले बैठक को प्राथमिकता दी जाती है। बैठक में शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यक्रम को अद्यतन बनाने, शैक्षणिक मानदंड स्तर में सुधार संबंधी सभी अकादमिक मामलों पर विचार-विमर्श होता है। पाठ्यक्रमों की प्रस्तुति और मूल्यांकन के बारे में सीनेट को फीड बैक दिया जाता है।

फैकल्टी फोरम की अध्यक्षता निर्देशक करते हैं। उनकी अनुपस्थिति में गतिविधि अध्यक्ष (शिक्षा प्रशिक्षण) या निर्देशक द्वारा मनोनीत संस्थान के डीन द्वारा अध्यक्षता की जाती है। फैकल्टी फोरम का फीड बैक विचार-विमर्श के लिए सीनेट के समक्ष रखा जाता है।

3. अंग विन्यास और शैक्षणिक कार्य प्रवाह




निर्देशक
नियुक्तियों के लिए चयन समिति
गतिविधि अध्यक्ष शिक्षा और प्रशिक्षण (एसीईटी)
उपाध्यक्ष-गतिविधि अध्यक्ष शिक्षा और प्रशिक्षण (वीसीएसीईटी)
अध्यक्ष जारी शिक्षा कार्यक्रम (सीईपी)
अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम (आईपी)
अध्यक्ष व्यापक मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी)
प्रमुख शिक्षण और अध्ययन केंद्र (सीटीएल)
वस्त्र और परिधान डिजाइन फैकल्टी (एफटीएडी)
सूचना प्रौद्योगिकी एकीकृत डिजाइन फैकल्टी (एफआईटीआईडी)
अंतर विषयक डिजाइन फैकल्टी (एफआईडीडी)
डिजाइन आधारित इतर विषय अध्ययन फैकल्टी (एफडीबीडीएस)
वस्त्र, परिधान डिजाइन, कपड़ा और गृह सज्जा तथा जीवन शैली उपकरण डिजाइन इत्यादि।
सूचना डिजाइन, संवाद डिजाइन, न्यू मीडिया डिजाइन और डिजिटल गेम इत्यादि।
कार्यनितिक डिजाइन प्रबंधन और फुटकर अनुभवों से संबंधित डिजाइन इत्यादि।
डिजाइन आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजाइन प्रबंधन अध्ययन, डिजाइन इंजीनियरिंग, सामाजिक संदर्भ में डिजाइन या किसी अन्य क्षेत्र में जहां डिजाइन वस्तु के मूल्य संवर्द्धन और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण हो।
बी.डिज वस्त्र और परिधान डिजाइन

3.1 फैकल्टी स्ट्रीम

फैकल्टी स्ट्रीम संस्थान की एक शैक्षणिक इकाई है जो डिजाइन शिक्षा, परामर्श, अनुसंधान और विकास जैसी गतिविधियों से जुड़ी है।
संस्थान यूजी, पीजी और पीएचडी स्तर पर विभिन्न डिजाइन विषयों के माध्यम से निम्नलिखित फैकल्टी स्ट्रीम में शिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराता है।

औद्योगिक डिजाइन फैकल्टी (एफआईडी)
यह फैकल्टी असाधारण, नवाचारी लीडरों की एक समर्पित टीम है जो विषय में रचनात्मकता, परिकल्पना और संपूर्णता का नया स्तर लाने के लिए प्रतिबद्ध है। विविध आयामों वाला यह विषय डिजाइन के जरिये सीखने वालों में प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता लाता है। इस स्ट्रीम के अंतर्गत उपलब्ध काराये जाने वाले कार्यक्रम उत्पादों, उपकरणों, मशीनरी और सेवाओं की डिजाइनिंग में नई सोच सृजित करते हैं। इस विषय का उद्देश्य उपभोक्ताओं और ग्राहकों तक फर्नीचर, आंतरिक सज्जा की वस्तुएं, सेरामिक और ग्लास उत्पाद, खिलौने और गेम, ऑटोमोबिल जैसे उपयोग अनुकूल उत्पाद पहुंचाना है।

संचार डिजाइन फैकल्टी (एफसीडी)
संचार डिजाइन फैकल्टी अत्यंत विविधिकृत मीडिया और मल्टीमीडिया प्लेटफॉर्म से संबंधित है। डिजाइन संचार कौशल, सीखने वालों को अपने विचारों के संप्रेषण के लिए कला और प्रौद्योगिकी के उपयोग में सक्षम बनाता है। विद्यार्थियों को शब्द संयोजन, छवि और अभिव्यक्तियों के संयोजन सिद्धांत और अभ्यास से अवगत कराया जाता है, ताकि वे सूचना के दृष्य संप्रेषण और मानवीय अनुभूतियों की अभिव्यक्ति में समर्थ हो सकें। फैकल्टी की टीम ग्राफिक डिजाइन, एनिमेशन, फिल्म और वीडियो संचार डिजाइन, फोटोग्राफी और प्रदर्शनी डिजाइन इत्यादि में विशेषज्ञता प्राप्त होती है।

वस्त्र और परिधान डिजाइन फैकल्टी (एफटीएडी)
यह फैकल्टी वस्त्र, परिधान, फैशन और आंतरिक साज-सज्जा उत्पाद डिजाइनों में पारंगत स्ट्रीम है। इस स्ट्रीम के अंतर्गत आने वाले कार्यक्रम वस्त्र उत्पाद विकास, परिधान डिजाइनिंग, जीवन शैली और फैशन उपकरण तथा उनके व्यापार के बीच एक संतुलन बनाते हैं। स्ट्रीम के कार्यक्रमों की गहरी जड़ें कपड़ा विकास, वस्त्र निर्माण प्रौद्योगिकी, जीवन शैली, फैशन उपकरण और इनके डिजाइन की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं में स्थित है। विद्यार्थियों को पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र और आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित वस्त्र परिधान और उपकरण उद्योग दोनों में सर्वोत्तम मानक विकसित करने के लिए तैयार किया जाता है।

सूचना प्रौद्योगिकी एकीकृत डिजाइन फैकल्टी (एफआईटीआईडी)
यह फैकल्टी सूचना प्रौद्योगिकी आधारित डिजाइनों से जुड़े क्रार्यक्रम उपलब्ध कराता है और भविष्य के डिजाइन उद्योग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजाइन संबंधी समाधान प्रस्तुत करता है। ये स्ट्रीम विद्यार्थियों को ऐसे नवाचारियों के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए उभरते डिजाइन परिदृश्य पर पकड़ रखता है जो उद्योग की जरूरतों को समझते हुए रचनात्मक तरीकों से डिजाइन का उपयोग करे और समस्याओं को हल करने की सक्षमता विकसित करे। यह फैकल्टी सूचना डिजाइन, संवाद डिजाइन, न्यू मीडिया डिजाइन, डिजिटल गेम डिजाइन इत्यादि में विशेषज्ञता प्राप्त है।

अंतरविषयक डिजाइन फैकल्टी (एफआईडी)
यह स्ट्रीम गैर डिजाइन विषयों जैसे विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रबंधन इत्यादि की डिजाइन आधारित जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करती है और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से इन जरूरतों की पूर्ति करती है। इस स्ट्रीम के अंतर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले अधिकांश क्रार्यक्रम पोस्ट ग्रेजुएट अध्ययन के माने जाते हैं, हालांकि कुछ मामलों में अंडर ग्रेजुएट स्तर पर भी, समुचित औचित्य के साथ ये उपलब्ध कराये जाते हैं। इस स्ट्रीम के कार्यक्रम इस विश्वास पर आधारित होते हैं कि सफल नेतृत्व के लिए प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों की व्यापक समझ जरूरी है ताकि ऐसे ग्रेजुएट सामने आ सके जो रूपांतरकारी समाधानों के साथ समाज के समक्ष आने वाली चुनौतियों से निपटने में सक्षम होंगे। इस फैकल्टी की टीम डिजाइन इंजीनियरिंग, कार्यनीतिक डिजाइन प्रबंधन और फुटकर अनुभवों से संबंधित डिजाइन सृजन में विशेषज्ञता प्राप्त है।

डिजाइन आधारित इतर विषय अध्ययन फैकल्टी (एफडीबीटीएस)
यह स्ट्रीम डिजाइन आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजाइन प्रबंधन अध्ययन, डिजाइन इंजीनियरिंग, सामाजिक संदर्भ डिजाइन या किसी अन्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करती है जहां डिजाइन, उत्पादों के मूल्य संवर्द्धन और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

3. 2 संस्थान का प्रबंधन

संस्थान का प्रबंधन संस्थान में विभिन्न प्राधिकरणों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। यह पक्का करते हैं कि संस्थान अपेक्षित दिशा में आगे बढ़े और स्वयं को विकसित करने की दिशा में अग्रसर होने का जोखिम उठाये।

क्रम संख्या	विवरण	भूमिका/कार्य
1	अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत गठित संचालन परिषद	संस्थान के मामलों में सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण, नीति निर्धारण, अध्ययन पाठ्यक्रमों का अनुमोदन, पद सृजन की सिफारिश विधान और अध्यादेश बनाना, सरकारी और निजी संगठनों के साथ आवश्यक प्रबंधन, वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन, वार्षिक खाते, बजटीय अनुमान।
2	अधिनियम की धारा 18 के तहत नियुक्त निर्देशक	संस्थान का समुचित प्रशासन, विकास योजनाओं का परीक्षण, वार्षिक बजटीय अनुमानों की जांच और कोष आवंटन के लिए सुझाव देना, अधिनियम विधानों और अध्यादेशों द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग और दायित्वों का निर्वहन।
3	अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत गठित सीनेट	अनुदेश, शिक्षण और परीक्षा से संबंधित मानकों पर सामान्य नियमन और नियंत्रण। विधानों द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग और कर्तव्यों का निर्वहन।
4	संचालन परिषद की स्थायी समिति	संचालन परिषद के विचार विमर्श और अनुमोदन की आवश्यकता वाले सभी नीतिगत मामलों को देखना, सेवा शर्तों से संबंधित मामलों, बजटीय सहयोग संबंधी प्रस्तावों की समीक्षा, वित्तीय समिति तथा भवन और अनुबंध समिति से संबंधित कार्य।
5	गतिविधि अध्यक्ष (शिक्षा) संचालन परिषद की स्थायी समिति	विद्यार्थियों के प्रदर्शन संबंधी मूल्यांकन, परीक्षाओं और मूल्यांकन संबंधी मानक, पाठ्यक्रमों का प्रबंधन, पाठ्यक्रम विकास, प्रस्तुति, आकलन, पाठ्यक्रमों की वार्षिक समीक्षा, मूल्यांकन में निष्पक्षता सुनिश्चित करना, विद्यार्थियों के रिकॉर्ड का प्रबंधन।
6	शैक्षणिक परामर्श समिति	शैक्षणिक मानदंडों की समीक्षा, पाठ्यक्रम विषयों में संबद्धता, विद्यार्थियों का प्रदर्शन, प्रक्रियाओं का आकलन, डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्रदान करना।
7	फैकल्टी फोरम	सभी विभागों के बीच विषयों से इतर संवाद सृजित करना, इस फोरम की भूमिका अपनी प्रकृति में सलाहकार की है।
8	विजिटिंग फैकल्टी की नियुक्ति, फैकल्टी और अनुबद्ध फैकल्टी के पुन:नियोजन के लिए संचालन परिषद की उप समितियां	गठित किया जाना है
9	संस्थान परिसरों के डीन	(यदि परिसर एक से अधिक हों)
10	अन्य गतिविधि अध्यक्ष (संस्थान की आवश्यकता के अनुरूप	गतिविधि अध्यक्ष- शिक्षण और प्रशिक्षण गतिविधि अध्यक्ष- कार्यनीति और योजना गतिविधि अध्यक्ष- वैश्विक संपर्क प्रकोष्ठ गतिविधि अध्यक्ष- अनुसंधान और विकास तथा केएमसी गतिविधि अध्यक्ष- आरोग्य केंद्
11	विभागाध्यक्ष	प्रमुख, नियमित कार्यक्रम (यूजी/पीजी/पीएचडी) प्रमुख, जारी शिक्षण कार्यक्रम (सर्टिफिकेट/डिप्लोमा) प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम (सर्टिफिकेट/एक्सचैंज) प्रमुख, व्यापक मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) प्रमुख, शिक्षण और अध्ययन केंद्र (सीटीएल)
12	विषय लीड	विषय लीड फाउंडेशन अध्ययन विषय लीड औद्योगिक डिजाइन विषय लीड संचार डिजाइन विषय लीड वस्त्र और परिधान डिजाइन

13	रजिस्ट्रार	रजिस्ट्रार अभिलेखों, सामान्य मुहर, संस्थान की निधियों और संस्थान की ऐसी अन्य संपत्ति संरक्षक होगा, जो शासी परिषद उसके प्रभार में रखेगी। रजिस्ट्रार गवर्निंग काउंसिल, सीनेट और ऐसी समितियों के सचिव के रूप में कार्य करेगा जो विधियों द्वारा निर्धारित की जा सकती हैं।
14.	सीएओ	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी स्थापना मामलों, संस्थान और संस्थान परिसरों के सामान्य प्रशासन मामलों, विभिन्न निर्देशों के कार्यान्वयन पर भारत सरकार और अन्य अधिकारियों के साथ संपर्क, कर्मियों और स्थापना सेवाओं, सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाओं, भूमि के प्रभारी होंगे। या भवन या रखरखाव सेवाएं, खरीद और भंडार और ऐसी अन्य सामान्य प्रशासन सेवाएं और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां जो निदेशक द्वारा उन्हें सौंपी जा सकती हैं।
15.	सीएफए	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी स्थापना मामलों, संस्थान और संस्थान परिसरों के सामान्य प्रशासन मामलों, विभिन्न निर्देशों के कार्यान्वयन पर भारत सरकार और अन्य अधिकारियों के साथ संपर्क, कर्मियों और स्थापना सेवाओं, सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाओं, भूमि के प्रभारी होंगे। या भवन या रखरखाव सेवाएं, क्रय एवं भंडार और ऐसी अन्य सामान्य प्रशासन सेवाएं और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां जो निदेशक द्वारा उन्हें सौंपी जा सकती हैं।

3.3 गतिविधि प्रमुख

संस्थान ने निम्नलिखित गतिविधि अध्यक्ष पदों का गठन किया है। संस्थान के सुचारु संचालन के लिये इन्हे विशेष अधिकार और कार्य दिये गये हैं।

1. गतिविधि प्रमुख (शिक्षा और प्रशिक्षण)
2. गतिविधि प्रमुख (कार्यनीति और योजना)
3. गतिविधि प्रमुख (वैश्विक संपर्क प्रकोष्ठ)
4. गतिविधि प्रमुख (अनुसंधान और विकास तथा ज्ञान प्रबंधन केंद्र)
5. गतिविधि प्रमुख (आरोग्य केंद्र)

चित्र- प्रो. धीरज कुमार, गतिविधि प्रमुख (शिक्षा और प्रशिक्षण),शोध और विकास और ज्ञान

चित्र- सुश्री नीतिका देवगन, गतिविधि प्रमुख

चित्र- श्री अमित कुमार गहलोत, गतिविधि प्रमुख

1. शिक्षा प्रशिक्षण - गतिविधि प्रमुख के कार्य

सभी फैकल्टी स्ट्रीम और पाठ्यक्रमों से संबंधित शैक्षणिक कार्यक्रमों की प्रशासनिक और अकादमिक गतिविधियों का प्रभारी

सीनेट, निदेशक, परिषद की स्थायी समिति और संचालन परिषद के परामर्श से समुचित कार्रवाई के जरिये विद्यार्थियों के अनुशासनात्मक मामलों और शिकायतों सहित शिक्षा मानकों में उत्कृष्टता बनाये रखने का दायित्व

संस्थान के प्रबंधन और अकादमिक मानदंड के लिये सभी डीन, फैकल्टी प्रमुख, विषय प्रमुख, लैब या स्टूडियो कॉर्डिनेटर और सभी विषयों या कार्यक्रमों के फैकल्टी सदस्य तथा प्रवेश समिति, साख और मूल्यांकन समिति और शैक्षणिक पैनल सहित शिक्षा संबंधी सभी परामर्श समितियों को गतिविधि अध्यक्ष (शिक्षा प्रशिक्षण) के साथ समन्वय करना होगा।

निदेशक द्वारा गठित समितियों की अध्यक्षता करना तथा निदेशक द्वारा सौंपे गये दायित्वों और कार्यो को पूरा करना।

2. कार्यनीति और योजना- गतिविधि प्रमुख के कार्य

निदेशक के परामर्श से संस्थान की दीर्घावधि योजना तय करना। संस्थान की परिकल्पनाओं, मिशन और उद्देश्यों के अनुरूप लक्ष्यों, रणनीतियों, कार्यनीतियों और कार्ययोजनाओं के अनुपालन की निगरानी।

सभी गतिविधि प्रमुखों/संस्थान के विभागों के समन्वित प्रयासो को एकजुट करना और संस्थान के समग्र विकास और ब्रैंडिंग के लिये संबंधित निर्देश देना।

भवन, क्लासरूम, पुस्तकालय (बीबीटी) किताबें, फर्नीचर, खेल मैदान, छात्रावास, परिवहन इत्यादि जैसी भौतिक ढांचागत सुविधाओं से संबंधित मात्रात्मक जानकारी प्राप्त करने के लिये मानक प्रोफोर्मा, फॉर्म, दस्तावेज या नियमावली तैयार करना।

संगठन की रूपरेखा, पाठ्यक्रम संशोधन, कर्मचारियों के विकास अनुसंधान तथा पूर्व विद्यार्थियों इत्यादि से फीडबैक लेने की प्रणालियां विकसित करना।

3. अनुसंधान और विकास तथा ज्ञान प्रबंधन केंद्र- गतिविधि प्रमुख के कार्य
निदेशक द्वारा सौंपे गये संस्थान के अनुसंधान और विकास तथा ज्ञान प्रबंधन केंद्र से संबंधित कार्यों और दायित्वों को अन्य गतिविधि प्रमुखों के समन्वय से पूरा करना।

संस्थान के अनुसंधान और विकास तथा ज्ञान प्रबंधन केंद्र की गतिविधियों के बारे में नीतिगत नियमावली तैयार और विकसित करना।

4. वैश्विक संपर्क प्रकोष्ठ - गतिविधि प्रमुख के कार्य
निदेशक द्वारा सौंपे गये संस्थान के वैश्विक संपर्क प्रकोष्ठ से संबंधित कार्यों और दायित्वों को अन्य गतिविधि प्रमुखों के समन्वय से पूरा करना।

लेखा परीक्षा, अनुसंधान कर्ताओं की नियुक्ति, वित्तपोषण करने वाली एजेंसी से बातचीत, आईपीआर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सहित परियोजना सौंपे जाने और प्रबंधन से लेकर संस्थान की सभी प्रायोजित अनुसंधान गतिविधियों का प्रभार

संस्थान की ओर से प्रायोजकों की सभी प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श परियोजनाओ के लिये नोडल ऑफिसर का दायित्व निभाना

5. आरोग्य केंद्र - गतिविधि प्रमुख के कार्य
निदेशक द्वारा सौंपे गये संस्थान के आरोग्य केंद्र की गतिविधियों से संबंधित कार्यों और दायित्वों को अन्य गतिविधि प्रमुखों के समन्वय से पूरा करना।

संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों में जागरुकता पैदा करना तथा उन्हें संरक्षण और समर्थन देना ताकि उनमें स्वस्थ जीवन शैली विकसित हो और उनकी कार्य कुशलता बढ़ाने के साथ-साथ तनाव कम किया जा सके। संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों में शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, पर्यावरणीय और व्यवसायगत आरोग्य सृजित और सुनिश्चित करना।

4. अकादमिक विषय़

संस्थान तीन स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है - औद्योगिक डिजाइन स्नातक, संचार डिजाइन स्नातक तथा वस्त्र और परिधान डिजाइन स्नातक। सभी पाठ्यक्रमों में पहले वर्ष में साझा फाउंडेशन कार्यक्रम रहता है।

4.1 फाउंडेशन अध्ययन (अंडर ग्रैजुएट)

साझा फाउंडेशन (सीएफ) अध्ययन (1 वर्ष) कला और डिजाइन के विभिन्न अवयवों के बारे में बुनियादी जानकारी उपलब्ध कराता है जो विद्यार्थियों में दृश्य और लिबरल कलाओं के बारे में सार्थक पेशेगत समझ विकसित करता है।

चित्र- फाउंडेशन अध्ययन का पहला अकादमिक सत्र 29 जुलाई 2019 को आरंभ हुआ

चित्र- कार्यशाला में काम सीखते विद्यार्थी

चित्र- विद्यार्थियों के कार्य की झलकियां





चित्र- हैदराबाद डिजाइन सप्ताह में विद्यार्थियों के कार्य की सराहना - निदेशक उन्हें बधाई देते हुए

चित्र- निर्देशक रजिस्ट्रार के साथ विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए

चित्र- विद्यार्थी काम प्रस्तुत करते हुए

चित्र- विद्यार्थी काम प्रस्तुत करते हुए

चित्र- परिसर के बाहर सीखना

चित्र- परिसर के बाहर सीखना

चित्र- कार्य प्रदर्शन और निर्णायक समिति के विचार

चित्र- पहले सेमेस्टर के समापन अवसर पर सामूहिक तस्वीर

चित्र- पहले सेमेस्टर के समापन अवसर पर सामूहिक तस्वीर

4.2 स्नातक डिजाइन (बी. डिज. औद्योगिक डिजाइन, 3 वर्षीय)

औद्योगिक डिजाइन (आईडी) कार्यक्रम का उद्देश्य असाधारण, नवाचारी प्रतिभाओं का अध्ययन और विकास सुनिश्चित करना है ताकि वे इस विषय में रचनात्मकता, परिकल्पना और परिशुद्धता का नया स्तर सृजित कर सकें। यह बिल्कुल अलग ढंग का कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्द्धी क्षमता विकसित करता है ताकि वे बड़े पैमाने पर उत्पादन आधारित डिजाइन उद्योग के लिये तैयार हो सकें। यह पाठ्यक्रम न केवल उत्पाद के रूप-रंग पर बल्कि इसके विनिर्माण, कार्य और उपयोगकर्ताओं को होने वाले अनुभवों और संतोष को ध्यान में रखने के लिये विद्यार्थी को तैयार करता है।



4.3 स्नातक डिजाइन (बी. डिज. संचार डिजाइन, 3 वर्षीय पाठ्यक्रम)

संचार डिजाइन (सीडी) कार्यक्रम इस विषय के व्यापक विस्तार की विविधताओं से जुड़ी अपेक्षाएं पूरी करता है। संस्कृति या संगठन के अंतर्गत एकीकृत प्रक्रिया के रूप में मीडिया और संदेशों की परिपूर्णता की अपेक्षा पूरी करने के लिये प्रणाली पर आधारित पंहुच सुनिश्चित की जाती है। प्रत्येक सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, लोग और संगठन की विशिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप डिजाइन कौशल विकसित किया जाता है। और अनुभवों से सीखने के लिये विभिन्न स्टूडियो असाइनमेंट और विशिष्टता क्षेत्रों मे से किसी एक के चयन के माध्यम से इस व्यापक क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से परिचित कराया जाता है।

Canon
Canon

4.4 स्नातक डिजाइन (बी. डिज. कपड़ा और परिधान डिजाइन, 3 वर्षीय पाठ्यक्रम)

कपड़ा और परिधान डिजाइन (टीएडी)पाठ्यक्रम एक विशिष्ट कार्यक्रम है जो कपड़ा, फैशन और आंतरिक डिजाइन की व्यापक अपेक्षाओं को पूरा करता है। यह कार्यक्रम कपड़ा उत्पाद विकास और परिधान डिजाइनिंग क्षेत्र में एक संतुलन स्थापित करता है। यह कपड़ा विकास की वैज्ञानिक प्रक्रिया और वस्त्र निर्माण प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इसका अध्ययन करने वाले विद्यार्थी कपड़ा और परिधान उद्योग के पारंपरिक हस्तशिल्प क्षेत्र और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी दोनों में क्षमता और योग्यता विकसित करते हैं। यह कार्यक्रम कपड़ा उद्योग के रचनात्मक क्षेत्र में एक समृद्ध और चुनौतीपूर्ण स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा के साथ डिजाइन कला, रसायन विज्ञान और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के सम्मिश्रण से संतुलन भी स्थापित करता है।

RBE

RBE
CONTINUOUS
FABRIC STEAMER
RBE
CAUTION
USE
SOFT WATER
OR
R.O. WATER
CAUTION
HOT
SURFACE

4.5 डिजाइन शिक्षा की रूपरेखा

वर्ष/सेमेस्टर	वर्ष 2 (सेमेस्टर 3 और 4)	वर्ष 3 (सेमेस्टर 5 और 6)	वर्ष 4 (सेमेस्टर7 और 8)
अनुकूलन	विषय विशिष्ट निविष्टि	उन्नत विषय विशेष निविष्टि और अनुप्रयोग	तत्वविज्ञान का एकीकरण, संदर्शन और व्याख्या
निर्गम प्रमाणन(जीसी अनुमोदन)	पेशेगत प्रमाणपत्र(संबंधित विषय में)	डिप्लोमा (संबंधित विषय में)	डिजाइन स्नातक(संबंधित विषय में)
अध्यापन-अध्ययन रणनीति	* सिद्धांत(व्याख्यान,कार्यशाला, संदर्शन) * प्रेक्षण(क्षेत्रभ्रमण,वीडियोप्रस्तुति) * विश्लेषणात्मक विधियां * दृश्य सामग्री * स्टूडियो कार्य(अनुभवी से)	* स्व- अध्ययन * क्षेत्रीय अनुसंधान * प्रायोगिक परियोजना * अन्य अभ्यास * छोटे समूह में ट्यूटोरियल	* स्वतंत्र अध्ययन * उद्योग अधिकृत परियोजनाएं (संरक्षण में) * अनुसंधान विधि अनुप्रयोग * सीखे गये सिंद्धांतो का संदर्शन
आकलन रणनीति	* डेटा सोर्सिंग क्षमता मूल्यांकन के लिये महत्वपूर्ण कसौटी होगी। * पाठ्यक्रम मूल्यांकन में (असाईनमेंट, व्यक्तिगत और सामूहिक परियोजनायें, प्रस्तुतियां) * सेमेस्टर अंत की परीक्षायें/ प्रस्तुतियां / परियोजनाएं/ निर्णायक मंडल समीक्षा/ पोर्टफोलियो	* प्राप्त ज्ञान का अनुप्रयोग मूल्यांकन की अहम कसौटी होगी। * पाठ्यक्रम मूल्यांकन में (असाईनमेंट, व्यक्तिगत और सामूहिक परियोजनायें, प्रस्तुतियां) * सेमेस्टर अंत की परीक्षायें/प्रस्तुतियां / परियोजनाएं/ निर्णायक मंडल समीक्षा/पोर्टफोलियो	* परियोजना प्रबंधन क्षमता और व्यवसाय गत दक्षता का प्रदर्शन * नियोक्ता द्वारा विद्यार्थी की रिपोर्ट और अनुभव के साथ साथ उद्योग इंटर्नशिप के दौरान उसके प्रदर्शन का मूल्यांकन * पाठ्यक्रम आकलन में (व्यक्तिगतप्रोजेक्ट, निर्णायक मंडल की समीक्षा) * सेमेस्टर अंत की प्रस्तुतियां / परियोजनायें * एक स्वतंत्र निर्णायक समिति द्वारा फाइनल प्रोजेक्ट का मूल्यांकन
व्यापक उद्देश्य	* ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों की समझ और जानकारी * ऐतिहासिक, सामाजिक और ऐतिहासिक और समकालीन डिजाइन विषयों की जानकारी * व्यक्तिगत दृश्य अनुसंधान और डिजाइन प्रस्तुति तकनीकों पर जोर * चयनित अध्ययन विषय, विभिन्न निर्माण विधियों, तकनीकी संचार और डिजाइन प्रस्तुति मान्यीकरण से जुडे प्रायोगिक और सैद्धांतिक पक्ष * सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं के तकनीकी क्षेत्रों में बुनियादी कौशल और ज्ञान * लागत निर्धारण और व्यापार चलन की बुनियादी अवधारणाओं की जानकारी	* विपणन सिद्धांतों को तकनीकी विशेषज्ञता और डिजाइन उत्कृष्टता से जोड़ना। * उद्योग के विभिन्न व्यावसायिक पक्षों की जानकारी * - उच्च निष्ठा से तैयार अनुकृतियों के साथ डिजाइन रिपोर्टिंग * स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता तथा डिजाइन की वास्तविक जटिलताओं और नमूने को विकसित करने, मॉडल को छोटा करने, इत्यादि से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट के जरिये अपनी प्रगति के विश्लेषण और मूल्यांकन की क्षमता * संगठनात्मक रूपरेखा, व्यवसाय और डिजाइन अभ्यासों, आईपीआर, डिजाइन संरक्षण और उद्यम विकास अवधारणा के विभिन्न पक्षों की जानकारी * सामग्री, रंग, फिनिशिंग, और ग्राफिक के संदर्भ में उत्पाद विशेषताएं	* स्वतंत्र अध्ययन पर जोर देते हुए प्रोजेक्ट मोड में प्रस्तुत * 8 सप्ताह के औद्योगिक इंटर्नशिप और 18 सप्ताह के फाइनल डिजाइन परियोजनाओं के माध्यम से गतिशील व्यावसायिक परिवेश से परिचय और दिये गये संदर्भ और डिजाइन संदर्शन और प्रदर्शन में व्यावसायिक निर्णय लेना। * टीम का नेतृत्व करने की क्षमता और निर्धारित परिणाम प्राप्त करने के लिये सभी संसाधनों का उपयोग * व्यवसाय औद्योगिक संदर्भ में सीखे गये सिद्धांतो के अनुप्रयुक्त ज्ञान पर ध्यान देना। * अपनी स्वयं की शैली को सफलतापूर्वक प्रदर्शित करने में समर्थ होना।
मुक्त वैकल्पिक पाठ्यक्रम	* विविधता * स्त्री पुरुष समानता * फोटोग्राफी * आरोग्य	* सातत्य, टिकाउपन * डिजाइन में ह्यूमन फैक्टर्स इंजीनियरिंग (एच एफ ई)	* पोर्टफोलियो विकास * व्यावहारिक कौशल

4.6 गुणवत्ता प्रबंधन

1. संस्थान नियमित रूप से उद्योग पेशेवरों के साथ परामर्श से डिजाइन पाठ्यक्रम को अद्यतन करता है। अनेक चरणों पर निरीक्षण प्रक्रिया के माध्यम से सतर्कता पूर्वक सक्षम फैकल्टी की नियुक्ति की जाती है। इसमें अपेक्षित योग्यता और सक्षमता के लिये आवेदनों की जांच, लिखित और प्रायोगिक परीक्षा तथा साक्षात्कार शामिल है। सभी कर्मचारियों के लिये उनकी काम की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए एपीएआर प्रारूप तैयार किया जाता है और उन्हें अपना कौशल, ज्ञान और विशेष गुणों के लगातार संवर्द्धन के लिये प्रेरित किया जाता है।

2. कर्मचारियों को अपनी सक्षमता बढ़ाने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराये जाते हैं तथा मेले, व्यापार संबंधी आयोजनों, कार्यशालाओं, तथा ऑनलाईन और ऑफलाईन कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित किया जाता हैं ताकि वे अपना कौशल विकास कर सकें।

3. प्रतिभा सुधार क्षेत्रों का पता लगाने के महत्वपूर्ण उपाय के रूप में विद्यार्थियों से समय समय पर फीडबैक लेने की व्यवस्था तैयार की गयी है।

4. पाठ्यक्रम विकास के लिये वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अनुपालन किया जाता है जिसमें निम्नलिखित कसौटी, कोई भी पाठ्यक्रम प्रदान किये जाने का आधार बनती हैं।

* किसी भी कार्यक्रम की तर्कसंगतता, उद्देश्य और उसका बाजार

* कार्यक्रम की विशेषताएं

* परिणामों के संदर्भ में कार्यक्रम का मानदंड (जानकारी की समझ, कौशल गुणवत्ता, और विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त गुण के आधार पर मापन)

* पाठ्यक्रम डिजाइन, विषयवस्तु संरचना (कार्यक्रम के परिणामों को सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत छोटे छोटे मॉड्यूल में प्रस्तुत करना)

* सभी मॉड्यूल को फिर प्रत्येक चरण के लिये अध्ययन परिणामों के साथ प्रस्तुत करना ताकि सीखे गये ज्ञान का संदर्शन हो सके।

* अंडरग्रैजुएट कार्यक्रमों के लिये अध्ययन की शुरूआत साझा फाउंडेशन कार्यक्रम से होती है जो डिजाइन और इसके अनुप्रयोग जगत से पूरी तरह अनुकूलन कराता है।

4.7 प्रवेश

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश तीन चरण की प्रक्रिया से संचालित होता है।

चरण 1 - डिजाइन योग्यता परीक्षण यानी डिजाइन ऐप्टिट्यूड टेस्ट (डीएटी) आरंभिक
चरण 2 - डिजाइन योग्यता परीक्षण यानी डिजाइन ऐप्टिट्यूड टेस्ट (डीएटी) मुख्य
चरण 3 - परामर्श और सीट आवंटन

क्र. सं	पाठ्यक्रम का नाम	सीट(शैक्षणिक वर्ष 2019-20)	सीट(शैक्षणिक वर्ष 2020-21)
1.	डिजाइन स्नातक (औद्योगिक)	20	25
2.	डिजाइन स्नातक (संचार)	20	25
3,	डिजाइन स्नातक (वस्त्र और परिधान)	20	25

टिप्पणी
* विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले सभी विद्यार्थियों के लिये पहले वर्ष का फाउंडेशन कार्यक्रम साझा है। फाउंडेशन कार्यक्रम पूरा कर लेने के बाद उन्हें अपने प्रदर्शन और चयन के आधार पर विभिन्न विषय आवंटित किये जाते हैं।

* वर्ष 2020-21 से आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी की सीटों को समायोजित करने के लिये प्रत्येक श्रेणी में सीटों की संख्या संशोधित की जाती है।

* शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से अतिरिक्त सीट शामिल किये जाने का प्रस्ताव है।

वर्ष 2019-20 की श्रेणीवार प्रवेश रिपोर्ट तालिका में दी गयी है।

विवरण		श्रेणी				कुल
		सामान्य (50%)	ओबीसी-एनसीएल	अ.जा. (15%)	अ.ज.जा 7.5%)	
कुल सीट		30	16	9	05	60
कुल प्रविष्ट विद्यार्थी		30	16	09	02*	57
एन आई डी एमपी में प्रविष्ट	समग्र वरिष्ठता	(7.5%)	475	532	761	
	श्रेणी में वरिष्ठता	181	109	60	35	
अंतिम विद्यार्थी का परसेंटाइल स्कोर		81.27	63.38	58.68	40.86	

* 03 सीट योग्य पात्र उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण नहीं भरे गये।

SHOWCASE
"The first one's of NID, M.P."
- Student Course work
राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान
National Institute of Design
मध्यप्रदेश Madhya Pradesh
SHOWCASE
FOUNDATION YEAR
2019-2020

5. उपलब्धियां और गतिविधियां

5.1 संबद्धता और सदस्यता

संस्थान को इनकी सदस्यता मिल चुकी है
* भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई)
* मध्यप्रदेश वाणिज्य और उद्योग मंडल संघ (एफएमपीसीसीआई)

निर्देशक और रजिस्ट्रार ने एन आई डी एमपी का प्रॉस्पेक्टस गोविंदपुरा उद्योग संघ, भोपाल को दिया। सीआईआई, फिक्की और एसोचैम के प्रमुखों/वरिष्ठ अधिकारियों से औद्योगिक संपर्कों के बारे में राज्य और केंद्रीय स्तर पर बातचीत हुई।

चित्र- निर्देशक ने इंदौर में एन आई डी एमपी के बारे में सीआईआई इंदौर को संबोधित किया

चित्र- निर्देशक ने इंदौर में एन आई डी एमपी के बारे में सीआईआई इंदौर को संबोधित किया

राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, मध्यप्रदेश परिसर के वास्तुकार को इंडियन बिल्डिंग्स कॉंग्रेस द्वारा संस्थागत श्रेणी में प्रशंसा पत्र दिया गया। श्री हरदीप सिंह पुरी(नागरिक उड्डयन तथा आवासन और शहरी कार्य मंत्री) ने 6 जनवरी 2020 को दिल्ली के विज्ञान भवन में यह सम्मान प्रदान किया।

INDIAN BUILDINGS CONGRESS

AWARD FOR EXCELLENCE IN BUILT ENVIRONMENT

2019

Commendation Certificate

Awarded to

Gian P Mathur & Associates Pvt Ltd
New Delhi

for the project of

"National Institute of Design"
BHOPAL

(Pradeep Mittal)
Honorary Secretary

(Dr. Anoop K. Mittal)
President

New Delhi, Dated 6th January, 2020

INDIAN BUILDINGS CONGRESS
Kama Koti Marg, Sector-VI, R.K. Puram,
New Delhi-110022

5.2 पुरस्कार और सम्मान

- सुश्री सेतु शर्मा, संचार डिजाइन फैकल्टी ने एमपी वेयरहाउसिंग लॉजिटिक्स लिमिटेड, मध्य प्रदेश सरकार का लोगो डिजाइन किया।
- डॉ सुदीप शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रमुख ने निफ्ट भोपाल द्वारा आयोजित पुस्तकालय सम्मेलन में भाग लिया।

5.3 विशिष्ट आगंतुक

* श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, आईएएस, आयुक्त, भोपाल संभाग
* श्री राजीव अग्रवाल, जेएस, डीपीआईआईटी
* श्री डी. वी. प्रसाद, आईएएस, मुख्य प्रबंध निदेशक, भारतीय खाद्य निगम
* डॉ राजेश राजौरा,प्रधान सचिव, औद्योगिक नीति निवेश संवर्द्धन विभाग,म.प्र.सरकार
* श्री तरुण कुमार पिथौड़े, कलेक्टर और जिलाधीश भोपाल
* श्री बी विजय दत्ता, आयुक्त, भोपाल नगरनिगम
* श्री पुखराज मारू, अवकाश प्राप्त अपर मुख्य सचिव, श्रम विभाग, मध्यप्रदेश सरकार
* श्री दिलीप चेनॉय, महासचिव, फिक्की
* श्री श्रेयस चौधरी, अध्यक्ष सीआईआई, मालवा ज़ोन, प्रबंध निदेशक प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड, इंदौर
* श्री कार्तिकेय वी.साराभाई, संस्थापक निदेशक, पर्यावरण शिक्षा केंद्र
* प्रो. सुनील कुमार गुप्ता, कुलपति, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय.
* श्री प्रवीण नाहर, निर्देशक, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद
* प्रो. मोहम्मद शारिक़ फारुक़ी, निदेशक, एयूडी इनक्यूबेशन, नवाचार, उद्यमिता केंद्र तथा प्रोफेसर, व्यवसाय,सार्वजनिक नीति और सामाजिक उद्यमिता स्कूल, अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली
* डॉ ए.के. खरे, निर्देशक, निफ्ट, भोपाल
* डॉ पराग के. व्यास, संस्थापक, ग्राउ बार डिजाइन
* डॉ आशीष कुमार, वरिष्ठ विकास अधिकारी, आईपीआर निगोशियेशंस कॉरपोरेशन, एनआईडी एंड सीआईपीएएम, डीपीआईआईटी
* श्री अमिताभ बेहर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऑक्सफैम इंडिया
* डॉ विपिन कुमार, निर्देशक, नैशनल इनोवेशन फाउंडेशन, इंडिया
* श्री इतु चौधरी, लीड पार्टनर, इतु चौधरी डिजाइन
* श्री फरहाद कॉन्ट्रैक्टर, संस्थापक, समभाव ट्रस्ट
* डॉ रविन्दर कुमार शर्मा, सुप्रसिद्ध कलाकार, चंडीगढ़
* श्री समर फिरदौस, जाने-माने फैशन डिजाइनर
* श्री भार्गव मिस्त्री, वरिष्ठ डिजाइन शिक्षाविद
* सुश्री मुनीशा राजपाल, जानी-मानी पटकथा लेखिका और थियेटर कलाकार
* श्री राजेश राजपाल, फिल्म निर्देशक और थियेटर कलाकार
* श्री अभिषेक यादव, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम
* श्री शांतनु त्रिपाठी, अध्यक्ष फिक्की, मध्यप्रदेश
* श्री सावन कुमार उप्रेती, उप निदेशक, सीआईआई
* सुश्री संस्कृति मेनन, वरिष्ठ कार्यक्रम निर्देशक, सीईई
* श्री शुवाजित पायने, शिक्षा प्रमुख, सीईई
* श्री रोहित अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अनिल इंटर प्राइजेज
* श्री शरद चंद्र बेहर, आईएएस, पूर्व मध्य प्रदेश
* श्री लोकेश घई, कपड़ा कलाकार/शिल्प / वस्त्र/ डिजाइन प्रशिक्षक
* श्री हर्ष तिवारी, क्षेत्रीय समन्वयक, एशिया मध्य पूर्व स्पेशल प्रोजेक्ट बेयरफुट कॉलेज
* श्री ऋषि केजरीवाल, आर्किटेक्ट, बैम्बु स्ट्रक्चर्स, भीमबांध वन्य जीव अभयारण्य
* प्रो.शर्मिष्ठा बैनर्जी, सहायक प्रोफेसर, डिजाइन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी
* प्रो.संजीव सिंह, प्रोफेसर, वास्तुशिल्प विभाग, योजना और स्थापत्य कला स्कूल, भोपाल
* श्री मनोज कुमार जैन, सलाहकार (इन्फो को डेवलपमेंट), अटलबिहारी वाजपेयी उत्तम प्रशासन नीति विश्लेषण संस्थान, भोपाल
* सुश्री कृष्णा अमीन पटेल, पूर्व केंद्र प्रमुख, एन आई डी अहमदाबाद
* प्रो. दिलीप एन.मालखेड़ा, परामर्शदाता 1 एआईसीटीई, नयी दिल्ली
* श्री ललित कुमार दास, पूर्व प्रमुख, आईडीडीसी, आईआईटीडी, और पूर्व समन्वयक, औद्योगिक डिजाइन, आईआईटी दिल्ली।

चित्र- मोजैक 2019 में आये सम्माननीय अतिथियों का स्मरणीय फोटोग्राफ
(पहली पंक्तिः बायें से दायें-- श्री इतु चौधरी, श्री फरहाद कॉन्ट्रैक्टर, सुश्री संस्कृति मेनन, प्रों श्याम बोहरे, श्री एस. सी. बेहर, प्रो.धीरज कुमार, पद्मश्री श्री कार्तिकेय साराभाई, डॉ. विपिन कुमार, श्री अमिताभ बेहर, डॉ. संजीव सिंह, डॉ. पराग व्यास, श्री रोहित अग्रवाल,
(दूसरी पंक्तिः बांये से दायें - सुश्री शर्मिष्ठा बैनर्जी, सुश्री सुव्रता यादव, श्री लोकेश घई, श्री ऋषि केजरीवाल, श्री हर्ष तिवारी, श्री भार्गव मिस्त्री, श्री सौरभ पोपली

5.4 आयोजन

1. डिजाइन अनुकूलन सप्ताह

डिजाइन अनुकूलन सप्ताह 17 जुलाई से 26 जुलाई 2019 तक मनाया गया। निम्नलिखित जानी-मानी हस्तियों ने विद्यार्थियों का अनुकूलन किया।

चित्र- श्री समर फिरदौस (एन आई डी के पूर्व छात्र), डिजाइन प्रमुख, इंडिगो निट्स, अरविंद लिमिटेड

चित्र- प्रो. रविन्द्र शर्मा, संस्थापक और निर्देशक, रविन्द्र शर्मा कला अकादमी(आरएसएए) और अवकाश प्राप्त सहायक

चित्र -सुश्री मुनीशा राजपाल, भारतीय टेलीविजन कथा, पटकथा और संवाद लेखिका

चित्र- श्री राजेश राजपाल, निर्देशक, टेलीविजन सीरियल्स

चित्र- श्री राजकुमार, ऑरोविले के सुविख्यात जलरंग कलाकार



चित्र- श्री भार्गव मिस्त्री, पूर्व डीन, भारतीय शिल्प और डिजाइन संस्थान

चित्र- डॉ. पराग व्यास, संस्थापक, ग्राउ बार डिजाइन

चित्र- प्रो.सरित कुमार चौधरी, निर्देशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल

चित्र- श्री शिवराम अनंतनारायण, विख्यात ओरिगामी कलाकार

चित्र- डॉ. मीना झाला, प्रोफेसर और संस्थापक डीन, स्कूल ऑफ फैशन एंड डिजाइन, एपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर

चित्र- सुश्री नुपूर तिवारी, एसोशियेट प्रोफेसर, जागरण स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशंस, जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी

चित्र- 29 जुलाई 2019 को नये विद्यार्थियों के स्वागत में डिनर का आयोजन किया गया

चित्र- डिनर में आये फैकल्टी

चित्र- विद्यार्थियों की संगीतमय प्रस्तुति

चित्र- साथ मिलकर खाने-पीने का अवसर, आपसी सद्भाव-सौहार्द बढाने का माध्यम

2. सतर्कता जागरुकता सप्ताह

3. सीपीपी पोर्टल एनआईसी प्रशिक्षण

5.5 फैकल्टी और कर्मचारियों के लिये मानव संसाधन विकास

फैकल्टीज को प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। फैकल्टी सहित संस्थान के कर्मचारियों के लिये व्यापक प्रशिक्षण नीति बनायी जा रही है तथा स्टाफ और फैकल्टी के और ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के लिये प्रशिक्षण नीति शुरू की गयी है।

स्टाफ के लिये मानव संसाधन विकास गतिविधियां			
क्र सं.	संगठन का नाम / प्रमुख व्यक्ति		
1	प्रो धीरज कुमार	हैदराबाद डिजाइन सप्ताह में भागीदारी	11 से 12 अक्तूबर 2019
2	ले.कर्नल मनीष कुमार बहुगुणा (सेवा निवृत्त)		
3	सुश्री नीतिका देवगन		
4	सुश्री शिखा अग्रवाल		
5	सुश्री सुव्रता यादव		
6	सुश्री सुव्रता यादव	पर्यावरण शिक्षा केंद्र, पुणे में सतत डिजाइन पर परिचर्चा में भागीदारी	अक्तूबर 2019
7	प्रो.धीरज कुमार	लकड़ी उद्योग उपकरण प्रदर्शनी, एडी शो, मुंबई में भागीदारी	19 अक्तूबर 2019
8	श्री विद्या भूषण		
9	प्रो. धीरज कुमार	'भव्य मध्यप्रदेश', 2019, इंदौर भ्रमण	अक्तूबर 2019
10	ले.कर्नल मनीष कुमार बहुगुणा (सेवा निवृत्त)		
11	श्री अमित गहलोत	'एमएसएमई सेक्टर निर्माण के लिये डिजाइन विशेज्ञता', दिल्ली, सत्र व्याख्यान,	नवम्बर 2019
12	फैकल्टी और स्टाफ के लिये	डिजाइन मनन पर फैकल्टी और स्टाफ के लिये पृथक खुला सत्र, प्रो मोहम्मद शारिक फारूक़ी,(निदेशक,एयूडी सेंटर फॉर इक्यूबेशन, नवाचार और उद्यमिता केंद्र(एसीआईआईई), प्रोफेसर, स्कूल ऑफ बिजनेस, सार्वजनिक नीति सामाजिक उद्यमिता, पंजीयक, अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली) द्वारा संचालित	नवम्बर 2019
13	प्रो. धीरज कुमार	सीआईआई भोपाल द्वारा आयोजित सत्र 'व्यवसाय में महिलायें बदलाव लाती हुई' में भागीदारी	दिसंबर 2019
14	प्रो. धीरज कुमार	एनसीआर, नोएडा में ऑटो एक्सपो दिल्ली-2020 का भ्रमण	09 फरवरी 2020
15	डॉ. सुकन्या बोर सैकिया		
16	श्री मोहम्मद जेलानी	एचआर सम्मेलन 2020, बंगलोर में शामिल	फरवरी 2020
17	सुश्री शिखा अग्रवाल	इंडिया डिजाइन आईडी शो 2020, दिल्ली का दौरा	फरवरी 2020

18	ले.कर्नल मनीष कुमार बहुगुणा (सेवा निवृत्त)	एड-टेक एक्सपो 2020, गुरूग्राम का दौरा	फरवरी 2020
19	प्रो.धीरज कुमार	मीडिया एक्सपो 2020, मुंबई का दौरा	21 फरवरी 2020
20	श्री प्रमोद मार्शल		
21	श्री शैलेंद्र ओझा	इंडिया वुड प्रदर्शनी 2020 का दौरा	29 फरवरी से 1 मार्च

फैकल्टीज को प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है। फैकल्टी सहित संस्थान के कर्मचारियों के लिये व्यापक प्रशिक्षण नीति बनायी जा रही है तथा स्टाफ और फैकल्टी के और ऑनलाईन पाठ्यक्रमों के लिये प्रशिक्षण नीति शुरू की गयी है।

एनआईडी परिसरों के निदेशक, हैदराबाद डिजाइन सप्ताह में एनआईडीएमपी डिस्प्ले के दौरान

6. शिक्षण और प्रशिक्षण संसाधन

6.1 स्वीकृत पदों की सूची

क. शिक्षकों के पद

क्र सं	पद का नाम	वेतनमान	सृजित पद
1	निदेशक	पीबी-4 +10000/-	1
2	मुख्य डिजाइनर (प्रोफेसर)	पीबी -4 + 8700/-	3
3	वरिष्ठ डिजाइनर (एसोसिएट प्रोफेसर)	पीबी -3 +7600/-	6
4	असोसिएट सीनियर डिजाइनर (सहायक प्रोफेसर)	पीबी -3 +6600/-	8
5	मुख्य तकनीकी प्रशिक्षक	पीबी -3 +6600/-	2
6	वरिष्ठ तकनीकी प्रशिक्षक	पीबी -3 +5400/-	2
7	डिजाइनर /शिक्षक	पीबी -3 +5400/-	12
8	वरिष्ठ डिजाइन प्रशिक्षक	पीबी -3 +5400/-	1
कुल			35

ख.प्रशासनिक पद

क्र सं	पद का नाम	वेतनमान	सृजित पद
1	रजिस्ट्रार	पीबी -4 +8700/-	1
2	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	पीबी -4 +7600/-	1
3	वित्त और लेखा नियंत्रक	पीबी -3 +7600/-	1
4	उप- रजिस्ट्रार	पीबी -3 +6600/-	1
5	प्रधान पुस्तकालयाध्यक्ष/संसाधन केंद्र	पीबी -3 +6600/-	1
6	प्रशासनिक अधिकारी	पीबी -3 +5400/-	2
7	वरिष्ठ लेखा अधिकारी	पीबी -3 +5400/-	2
8	वरिष्ठ सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष	पीबी -2 +4600/-	1
9	वरिष्ठ अधीक्षक	पीबी -2 +4600/-	2
10	सहायक प्रशासनिक अधिकारी	पीबी -2 +4600/-	4
11	प्रमुख सुरक्षा सेवाएं	पीबी -2 +4600/-	1
12	अधीक्षक	पीबी -2 +4200/-	3
13	वरिष्ठ सहायक	पीबी -2 +4200/-	1
14	वरिष्ठ पुस्तकालय सहायक	पीबी -2 +2800/-	1
15	वरिष्ठ सहायक (प्रशा./स्टूडियो)	पीबी -1 +2800/-	6
16	प्रबंधक	पीबी -1 +2800/-	2
17	सहायक (लेखा/प्रशासन/लाइब.)	पीबी -1 +2400/-	5
कुल			35

ख. गैर-शिक्षण (तकनीकी) पद (प्रत्येक एनआईडी के लिए)

क्र सं	पद का नाम	वेतनमान	सृजित पद
1	एसोसिएट सीनियर टेक्निकल इंस्ट्रक्टर	पीबी -2 +4600/-	2
2	एसोसिएट सीनियर डिजाइन इंस्ट्रक्टर	पीबी -2 +4600/-	2
3	डिजाइन प्रशिक्षक	पीबी -2 +4200/-	2
4	तकनीकी प्रशिक्षक	पीबी -2 +4200/-	2
5	वरिष्ठ अभियंता (भूमि, भवन और रखरखाव)	पीबी -3 +5400/-	1
6	उप अभियंता (विद्युत)	पीबी -2 +4600/-	1
7	सहायक अभियंता (सिविल)	पीबी -2 +4600/-	1
8	सहायक अभियंता (आईटी)	पीबी -2 +4200	2
9	पर्यवेक्षक (विद्युत/सुरक्षा)	पीबी -1 +2800/-	1
10	प्राविधिक सहायक	पीबी □□-1 +2800/-	3
कुल			17
कुल योग (क+ख+ग)			87

6.2 31 मार्च 2020 तक स्वीकृत पदों की स्थिति

क्र.सं	कार्मिक का नाम	पद नाम	कार्यभार ग्रहण करने की तारीख
1	प्रो. धीरज कुमार	निदेशक	07/01/2019
2	श्री प्रमोद कुमार मार्शल	एसोसिएट सीनियर फैकल्टी	10/06/2019
3	सुश्री सेतु शर्मा	शिक्षक	12/06/2019
4	सुश्री नीतिका देवगन	वरिष्ठ शिक्षक	24/06/2019
5	डॉ. सुकन्या बोर सैकिया	एसोसिएट सीनियर फैकल्टी	27/06/2019
6	सुश्री लुबना सैफी	शिक्षक	28/06/2019
7	श्री सुरेश चंद्र ठाकुर	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी	28/06/2019
8	सुश्री अनुस्मिता दास	शिक्षक	28/06/2019
9	सुश्री शिखा अग्रवाल	एसोसिएट सीनियर फैकल्टी	03/07/2019
10	सुश्री सुव्रता यादव	शिक्षक	08/07/2019
11	श्री रामप्रसाद विश्वकर्मा	प्रबंधक	08/07/2019
12	डॉ. सुदीप शर्मा	हेड लाइब्रेरियन	12/07/2019
13	श्री अनिल कुमार भास्कर	शिक्षक	16/07/2019
14	सुश्री सुमन दशोरा	प्रबंधक	01/08/2019
15	श्री नीरज तहिलियानी	वित्त और लेखा नियंत्रक	01/08/2019
16	श्री विद्या भूषण	शिक्षक	01/08/2019
17	श्री मनोज कुमार	सहायक अभियंता (आईटी)	13/08/2019
18	श्री शैलेंद्र ओझा	तकनीकी प्रशिक्षक	13/08/2019
19	श्री पिंटू प्रताप सिंह	तकनीकी प्रशिक्षक	14/08/2019
20	लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष के बहुगुणा (सेवानिवृत्त)	रजिस्ट्रार	26/08/2019
21	श्री अमित कुमार गहलोत	वरिष्ठ शिक्षक	05/09/2019
22	श्री जेलानी मोहम्मद	उप पंजीयक	10/10/2019
23	श्री निपेंद्र नायक	वरिष्ठ अभियंता (भूमि, भवन और रखरखाव)	01/11/2019
24	श्री राजेश कुमार सैनी	प्रधान सुरक्षा अधिकारी	01/11/2019

6.3 फैकल्टी और स्टाफ प्रोफाइल

क्र.सं	कर्मचारी का नाम	योग्यता	लिए गए पाठ्यक्रम	रुचि के क्षेत्र
1	श्री प्रमोद कुमार मार्शल असोसिएट सीनियर फैकल्टी डीओजे : 10-06-2019	* पीजी डिप्लोमा (एनिमेशन फिल्म डिजाइन), एनआईडी अहमदाबाद * बीएफए प्रिंटमेकिंग (ग्राफिक्स), इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़, एमपी	* डिज़ाइन अभिविन्यास * फ्रीहैंड ड्राइंग - 1 * एलिमेंट्स ऑफ कलर * फ्रीहैंड ड्राइंग - 11	* फोटोग्राफी * चित्रकारी * चित्र * क्ले मॉडलिंग और प्रिंटमेकिंग * लिथोग्राफी
2	सुश्री सेतु शर्मा फैकल्टी डीओजे:12-06-2019	* पीएचडी विद्यार्थी, दृश्य कला विभाग, आईआईएस विश्वविद्यालय जयपुर * एमएफए (विज़ुअलाइज़ेशन एंड कैंपेन प्लानिंग), बीएचयू, वाराणसी * बीएफए (एप्लाइड आर्ट्स), आईसीजी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर * यूजीसी नेट (विजुअल आर्ट्स)	* फ्रीहैंड डिजाइन ड्राइंग	* ग्राफ़िक डिज़ाइन * टाइपोग्राफी * चित्रण
3	सुश्री नीतिका देवगन वरिष्ठ फैकल्टी डीओजे: 24-06-2019	* एम. आर्क (औद्योगिक डिजाइन - एसपीए दिल्ली) * बी आर्क (जीजेडएस सीईटी पीटीयू- बठिंडा) * सीईपी (सूचना डिजाइन, आईडीसी- आईआईटी बॉम्बे) * समर स्कूल, सूचना डिजाइन - बाथ, यूके	* एलिमेंट्स ऑफ कम्पोजिशन * एलिमेंट्स ऑफ कलर * फ्रीहैंड ड्राइंग 1 - पर्सपेक्टिव * सेकरेड जिओमेट्री - स्केल और प्रोपोरशन * अनेलिटिकल ड्राइंग * ज्यामितीय और निर्माण-11 * अंतरिक्ष रूप और संरचना * डिज़ाइन प्रक्रिया	* अनुभव डिजाइन * उत्पाद डिजाइन * रंग सिद्धांत * सूचना डिजाइन * फोटोग्राफी
4	डॉ. सुकन्या बोर सैकिया असोसिएट सीनियर फैकल्टी 27-06-2019	* पीएचडी, डिजाइन विभाग, आईआईटी गुवाहाटी * एम.डेज. (प्रोडक्ट डी-साइन), डोमस एकेडे- माय, मिलान, इटली * उत्पाद डिजाइन में जीडीपीडी, एनआईडी अहमदाबाद	* विश्लेषणात्मक ड्राइंग * ज्यामितीय निर्माण * डिजाइन और कला का इतिहास * आधारभूत सामग्री * डिज़ाइन प्रक्रिया * संयुक्त सामग्री	* उत्पाद स्केचिंग * उत्पाद विवरण * सभी/समावेशी डिजाइन के लिए डिजाइनिंग * औद्योगिक डिजाइन में फार्म और रंग अनुप्रयोग * सतत विकास के लिए डिजाइन * विभिन्न आयामों के माध्यम से भावनात्मक डिजाइन * सुलभ डिजाइन (अंतरिक्ष और उत्पाद) * भोजन के लिए डिजाइन * भोजन द्वारा डिजाइन-भोजन की पैकेजिंग * बांस के डिजाइन * खिलौना फर्नीचर तंत्र * अनुसंधान और डिजाइन सोच * ह्यूमन फैक्टर्स/एर्गो-नॉमिक्स * उत्पाद डिजाइन * उत्पाद स्टाइलिंग * यूआई/यूएक्स

क्र.सं	कर्मचारी का नाम	योग्यता	लिए गए पाठ्यक्रम	रुचि के क्षेत्र
5	सुश्री लुबना सैफी फैकल्टी डीओजे:28-06-2019	* मर्कैंडाइजिंग, एनआईडी पीजी डिप. इन अपैरल डिजाइन, अहमदाबाद * फैशन डिजाइन में स्नातक कार्यक्रम, निफ्ट नई दिल्ली * ड्राइंग और पेंटिंग में स्नातक, एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद। * एनसीएपी में प्रमाणपत्र * पारंपरिक अपरंपरागत शारीरिक कला में प्रमाणपत्र	* वस्त्र : फाइबर, सूत, कपड़ा और रंगाई का परिचय * गारमेंट निर्माण-1 * ड्रेपिंग और पैटर्न बनाना * सतह अलंकरण	* सभी प्रकार के माध्यमों से प्रिंट और ग्राफिक्स बनाना * सिल्हूट की खोज * पेंटिंग और स्केचिंग * बनावट और सतह का विकास * औद्योगिक डेनिम की खोज, धुलाई जैसे एंजाइम, स्टोन, बॉल ब्लास्ट वॉश आदि। * रचनात्मक ड्रापिंग * रंग सिद्धांत * लोगो डिजाइन * फैशन फोटोग्राफी * परिधान निर्माण * परिधान उत्पादन प्रक्रिया * रुझान और पूर्वानुमान * बाजार अनुसंधान * फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर, इनडिजाइन में एक्सेल
6	सुश्री अनुस्मिता दास फैकल्टी डीओजे:28-06-2019	* पीएचडी विद्यार्थी, डिजाइन विभाग, आईआईटी गुवाहाटी * डिजाइन में मास्टर, डिजाइन विभाग, आईआईटी गुवाहाटी * बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन स्टडीज, नागपुर	* बुनियादी सामग्री और पद्धतियां * विश्लेषणात्मक ड्राइंग * विज्ञान और मुक्त कला * संरचना के तत्व * पर्यावरण धारणा * डिज़ाइन प्रक्रिया	* स्थानिक डिजाइन * दृश्य संचार * दृश्य संस्कृति और * एथनोग्राफी * डिजाइन शब्दार्थ * उत्पाद डिजाइन * डिजाइन अनुसंधान पद्धति * भौतिक संस्कृति और डिजाइन * अंतःविषय डिजाइन
7	सुश्री शिखा अग्रवाल असोसिएट सीनियर फैकल्टी डीओजे: 03-07-2019	* पीएचडी विद्यार्थी, आईडीसी आईआईटी मुंबई * सिरेमिक और ग्लास डिजाइन में मास्टर ऑफ डिजाइन, एनआईडी अहमदाबाद * बीएफए (पेंटिंग), स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, इंदौर पब्लिक स्कूल	* बुनियादी सामग्री-1 * फ्री हैंड ड्रॉइंग - 1 * कला का इतिहास * डिज़ाइन प्रक्रिया * पर्यावरण धारणा	* मानव व्यवहार * समावेशी डिजाइन * डिजाइन एथनोग्राफी * शिल्प डिजाइन * रचनात्मकता और विचार उपकरण * डिजाइन प्रक्रिया और अनुसंधान * उत्पाद संचार * डिजाइन अनुसंधान पद्धति * चीनी मिट्टी की चीज़ें और कांच * वेफ़ाइंडिंग अनुसंधान * विकलांगता अनुसंधान

क्र.सं	कर्मचारी का नाम	योग्यता	लिए गए पाठ्यक्रम	रुचि के क्षेत्र
8	सुश्री सुव्रता यादव फैकल्टी डीओजे:08-07-2019	* खुदरा अनुभव के लिए डिजाइन में पीजी डिप्लोमा, एनआईडी अहमदाबाद (बैंगलोर परिसर) * बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, यूपीटीयू	* ज्यामितीय निर्माण * सेक्रेड जिओमैट्री * डिज़ाइन आरेखण * 3डी ज्यामिति * एसएलए-11 * फ्रीहैंड ड्राइंग * डिजाइन का इतिहास * संरचना के तत्व * रंग के तत्व	* वैचारिक डिजाइन और विकास * खुदरा डिज़ाइन * स्थानिक डिजाइन * सिस्टम डिजाइन * सेवा डिजाइन * डिजाइन शिक्षा
9	श्री अनिल कुमार भास्कर फैकल्टी डीओजे:16-07-2019	* मास्टर ऑफ डिजाइन (औद्योगिक डिजाइन), एसपीए नई दिल्ली * बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, एसपीए नई दिल्ली	* डिजाइन में मास्टर (औद्योगिक डिजाइन), एसपीए नई दिल्ली * बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, एसपीए नई दिल्ली	* उत्पाद डिजाइन * आंतरिक सज्जा * फर्नीचर डिजाइन * पारस्परिक प्रभाव वाली डिज़ाइन * आरेखण और अनुमान * रेंडरिंग और स्केचिंग * फोटोशॉप * इनडिजाइन * पुल * ऑटोकैड * स्केचअप * कीशॉट * सॉलिड वर्क्स
10	श्री विद्या भूषण फैकल्टी डीओजे:01-08-2019	* मास्टर ऑफ डिजाइन (विजुअल कॉम), आईडीसी-आईआईटी बॉम्बे * बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, हितकर्णी कॉलेज, जबलपुर	* फ्रीहैंड ड्राइंग * रंग * एसएलए (विज्ञान और मुक्त कला) * मीडिया बोध * एसएफएस (स्थल, रूप और संरचना) * कहानी सुनाना * विजुवल डिज़ाइन	* ग्राफ़िक डिज़ाइन * संचार डिज़ाइन * दृश्य संस्कृति और एथनोग्राफी * कहानी सुनाना * वास्तुकला और आंतरिक डिजाइन * स्थानिक डिजाइन * पारस्परिक प्रभाव वाली डिज़ाइन * चल चित्र * एआर/वीआर
11	श्री अमित कुमार गहलोत वरिष्ठ फैकल्टी डीओजे:05-09-2019	* उच्च शिक्षा में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र, नॉटिंघम ट्रेंट यूनिवर्सिटी, यूके * शिल्प और डिजाइन में पीजी डिप्लोमा, आईआईसीडी जयपुर	* ज्यामिति * एनालिटिकल ड्रॉइंग (तकनीकी ड्रॉइंग) * फ्रीहैंड ड्राइंग * बुनियादी सामग्री और प्रक्रियाएं * सामग्री का संयोजन * स्थल रूप और संरचना	* उत्पाद डिजाइन * मानव संचालित गतिशीलता डिजाइन, मॉडल बनाना (पैमाना) * प्रोटोटाइप * 3 डी मॉडलिंग * रैपिड प्रोटो-टाइपिंग (3डी प्रिंटिंग) से संबंधित प्रौद्योगिकी की खोज * वी.आर. * निर्माण प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए उपकरणों का आविष्कार करना * चित्रकारी * क्ले मॉडलिंग * प्रपत्र अध्ययन और अन्वेषण * शिल्प प्रलेखन

क्र.सं	कर्मचारी का नाम	योग्यता	लिए गए पाठ्यक्रम	रुचि के क्षेत्र
12	डॉ शेखर चटर्जी वरिष्ठ फैकल्टी डीओजे:03-12-2019	* पीएचडी (भारतीय संस्कृति), गुजरात विश्वविद्यालय * एमए (भारतीय संस्कृति), गुजरात विश्वविद्यालय * चमड़ा परिधान डिजाइन और प्रौद्योगिकी में पीजी, निफ्ट * ललित कला स्नातक (पेंटिंग और वस्त्र), बीएचयू वाराणसकला स्नातक * ऑनर्स (फ्रेंच साहित्य), बीएचयू वाराणसी * फिल्म प्रशंसा पाठ्यक्रम * ज्वैलरी डिजाइन समर कोर्स * टूरिस्ट गाइड और एस्कॉर्टिंग का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	* सामग्री के संयोजन में चमड़ा मॉड्यूल * डिजाइन का इतिहास	* फैशन और पोशाक का इतिहास; * फैशन चित्रण * डिजाइन ड्राइंग निर्माण और प्रतिनिधित्व तकनीक * प्राचीन स्मारकों में कला और सांस्कृतिक रूपों का प्रतिनिधित्व * कला और डिजाइन का इतिहास दृश्य संस्कृति और संचार का दायरा * डिजाइन का दायरा और बाधाएं * डिजाइन शिक्षाशास्त्र * क्रॉस-सांस्कृतिक डिजाइन अध्ययन * अनुसंधान क्रियाविधि * □ रंग और संयोजन * □ डिजाइन और संस्कृति

6.4 परिसर

संस्थान का का परिसर अचारपुरा, ईंट खेड़ी, पोस्ट अर्वालिया, भोपाल-462038 (मध्य प्रदेश) में स्थित है। यह स्थान देश के विभिन्न भागों से जुड़ा है और राजा भोज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 9.5 किलोमीटर तथा भोपाल रेलवे स्टेशन से 15.3 किलोमीटर की दूरी पर है। परिसर हबीबगंज रेलवे स्टेशन से 22.0 किलोमीटर और अंतर राज्य बस अड्डे से 17.7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

यह संस्थान 29.49 एकड के हरित क्षेत्र में फैला हुआ है और इसकी पृष्ठभूमि में पहाड़ियां हैं। आधुनिकतम स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से इस संस्थान का डिजाइन नवाचार की धारणाओं के आधार पर विकसित किया गया है। संस्थान के परिसर में ये सुविधाएं उपलब्ध हैं:

* लडकों और लडकियों के लिए अलग अलग बने हॉस्टलों (छात्रावासों) में एक दम घर जैसा वातावरण है। हॉस्टलों में कॉमन रूम बने हैं जिनमें टेलीविजन, इनडोर गेम्स और अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।
* चिकित्सा कक्ष जिसमें डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध है।
* आधुनिक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें जिमनेसियम, एरोबिक्स, योग केन्द्र आदि की सुविधाएं हैं।
* इनडोर और आउटडोर खेल खेलने की सुविधाएं।
* 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला ऑडिटोरियम।
* 800 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एम्पीथिएटर निर्माणाधीन।
* मैस में स्वस्थ और सुरूचिपूर्ण भोजन की सुविधा।
* फैकल्टी एवं अन्य कर्मचारियों के लिये आवास ताकि विद्यार्थियों को चौबीसों घंटे सहायता प्रदान की जा सके।
* पर्यावरण अनुकूल तथा हरित पहल जैसे सौर ताप, वर्षा जल संचयन, कागज पुनःचक्रण इत्यादि।
* समुचित रखरखाव तथा सीसीटीवी निगरानी से सुरक्षित परिसर।

6.5 बुनियादी ढांचा

सक्षम वातावरण में प्रभावकारी शिक्षण के लिए संस्थान ने निम्नांकित सुविधाएं भी स्थापित की हैं:

